दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 175
कोटद्वार रविवार
22 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## पूरी दुनिया में जमी भारत की धाक

### प्रधानमंत्री मोदी ने गिनाई देश की सफलता



**ग्वालियर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को केंद्र की योजनाओं के बारे में कहा कि 2014 में जब देश ने मुझे प्रधानसेवक का दायित्व दिया, तब मेरे पास दो रास्ते थे। या तो सिर्फ तात्कालिक लाभ के लिए काम करें या दीर्घकालिक अप्रोच को अपनाएं। उन्होंने कहा कि आज हमारी सरकार को 10 साल पूरे हो रहे हैं और इस दौरान दीर्घकालिक प्लानिंग के साथ हमन जो फैसले किए वह अभूतपूर्व है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत सफलता की जिस ऊंचाई पर है वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में भारत की धाक जमी हुई है। उन्होंने इसरो की सफलता पर गर्व करते हुए कहा कि 23 अगस्त को भारत चंद्रमा पर वहां पहुंचा, जहां अब तक कोई देश नहीं पहुंच पाया था।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि पहले सैटेलाइट सिर्फ सरकार बनाती थी या विदेश से मंगवाती थी, हमने स्पेस सेक्टर को आप जैसे युवाओं के लिए खोल दिया है। हमने डिफेंस सेक्टर को आप जैसे युवाओं के लिए खोल दिया है।

आपको मेक इन इंडिया के संकल्प को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कुछ अलग करने पर जोर देते हुए कहा कि हमेशा आउट 'ऑफ द बॉक्स' सोचिए।

आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है।

आज भारत ग्लोबल फिनटेक एडॉप्शन रेट में नंबर एक पर है। आज ही गगनयान के क्रू एस्केप सिस्टम का सफल परीक्षण किया गया। आज भारत के लिए कुछ भी असंभव नहीं है।

प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार की योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा कि भारत गरीबी भी दूर करेगा और विकसित भी बनेगा। आज का भारत जो भी कर रहा है वह बड़े स्तर पर कर रहा है। उन्होंने कहा कि आपके सपने और संकल्प दोनों बड़े होने चाहिए, आपका सपना ही मेरा संकल्प है।

पीएम मोदी मध्य प्रदेश के ग्वालियर में सिंधिया स्कूल के 125वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सिंधिया स्कूल के 125 वर्ष होने पर लोगों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने आजाद हिंद सरकार के स्थापना दिवस की बधाई दी।

## गगनयान की पहली टेस्ट उड़ान सफल

### लांचिंग से 5 सेकंड पहले आई थी तकनीकी खराबी




**श्रीहरिकोटा, एजेंसी।** सब कुछ सही था, काउंटडाउन शुरू हो गया था, लेकिन लांचिंग से चंद सेकंड पहले गगनयान के प्रक्षेपण को रोकना पड़ा। फिर इसरो के वैज्ञानिकों ने कमर कसी और जो मिशन था, उसे पूरा करने में जुट गए। वैज्ञानिकों ने महज आधे घंटे में ही तकनीकी खामी को दूर कर इतिहास रच दिया। ठीक दस बजे गगनयान के क्रूमॉड्यूल की लांचिंग कर दी गई और मानव रहित गगनयान मिशन की पहली परीक्षण उड़ान सफल हो गई। जानकारी के अनुसार मिशन गगनयान का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक हो गया है।

पहले ट्रायल सुबह 8 बजकर 45 मिनट पर होना था, लेकिन प्रक्षेपण से कुछ समय पहले रोक दिया गया था। तकनीकी खामी की वजह से परीक्षण को थोड़ी देर के लिए टालना पड़ा। इससे पहले इसरो अध्यक्ष डा. सोमनाथ एस. ने कहा कि इंजन इग्निशन नहीं हो रहा था। प्रक्षेपण के पहले निर्धारित समय सुबह आठ बजे को 45 मिनट आगे बढ़ाए जाने के बाद बाद मिशन नियंत्रण केंद्र के वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वचालित प्रक्षेपण क्रम शुरू किया गया था, लेकिन प्रक्षेपण का प्रयास नहीं हो सका।

उन्होंने कहा कि स्वचालित प्रक्षेपण अनुक्रम सुचारू था, लेकिन इंजन का प्रज्वलन नहीं हुआ। प्रक्षेपण यान सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि हम प्रक्षेपण यान तक पहुंचेंगे और इंजन के न जलने के बारे में अध्ययन करेंगे। डा. सोमनाथ ने कहा कि हम इस विसंगति को दूर करने के बाद जल्द ही वापस आएंगे कि ऑनबोर्ड कम्प्यूटरों ने इंजन को प्रज्वलित क्यों नहीं किया।

## भारत से तनाव के बीच कनाडा का बड़ा फैसला, मुंबई में वीजा ऑफिस किया बंद

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** भारत-कनाडा के बीच खींचतान थमने का नाम नहीं ले रही है। इसको लेकर कनाडा की तरफ से अब एक और नया निर्णय लिया गया है। कनाडा ने मुंबई में अपना वीज़ा और काउंसलर एक्सेस बंद कर दिया है। जो भी अब कनाडा की यात्रा करना चाहते हैं उन्हें वीजा के लिए हेड ऑफिस दिल्ली से प्रक्रिया पूरी करनी होगी। कनाडा ने अपने इस निर्णय के पीछे का फिलहाल कोई कारण नहीं बताया है। मुंबई ऑफिस में काम करने वाले स्टाफ का कहना है कि नागरिक अपने समस्याओं के लिए हमें मेल कर सकते हैं। फिलहाल ऑफिस में सभी प्रक्रियाएं बंद हैं। वीजा से जुड़े सभी काम अब दिल्ली के दफ्तर से किए जाएंगे। खालिस्तान समर्थक आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से दोनों देशों के बीच के रिश्ते बिगड़े थे। जिसके बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाए थे कि निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ है।

इसके बाद एक्शन लेते हुए कनाडा ने भारत के राजनयिक को निकाल दिया था। वहीं, जवाबी कार्रवाई करते हुए भारत ने भी कनाडाई राजनयिक को हटा दिया था। इसके बाद शुक्रवार को कनाडा सरकार की तरफ से बताया गया कि उसने भारत स्थित उच्चायोग से 41 राजनयिकों को हटा दिया है।

## दिल्ली में एक टन से ज्यादा अवैध पटाखे जब्त, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** दो अलग-अलग ऑपरेशन्स में दो आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ, दिल्ली पुलिस ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में बैन पटाखों का कारोबार करने वाले एक रैकेट का भंडाफोड़ किया और 1104 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद करने का दावा किया।

आरोपियों की पहचान रोशनआरा रोड निवासी सौरभ (25) और गोपालपुर निवासी रामप्रकाश (35) के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, उन्हें दिल्ली के बुराड़ी के जगतपुर गांव स्थित एक गोदाम में बड़ी मात्रा में अवैध पटाखे रखे जाने की विशेष जानकारी मिली थी। इस खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई, जिसमें रामप्रकाश नाम के एक व्यक्ति को पकड़ा गया। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव ने कहा, गोदाम का निरीक्षण करने पर, पटाखों के कुल 53 कार्टन जब्त किए गए, जिनका वजन लगभग 1000 किलोग्राम था। पूछताछ के दौरान, रामप्रकाश ने पटाखों की बिक्री और भंडारण के अवैध कारोबार में शामिल होने की बात कबूल की। यादव ने कहा, आरोपी ने बताया कि उसने परवेज, जय रावल और मनोज जैन नाम के व्यक्तियों से अवैध पटाखे खरीदे थे। अधिकारी ने कहा, इन लोगों को पकडने के लिए फिलहाल छापेमारी चल रही है।

## दिल्ली आ रही फ्लाइट में बम की सूचना से मचा हड़कंप

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** पुणे से दिल्ली जा रही अकासा फ्लाइट की मुंबई में बम की सूचना के बाद इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जैसे ही फ्लाइट ने टेकआ-फ किया फ्लाइट में बम की सूचना मिली थी। इसके बाद विमान को मुंबई की ओर मोड़ दिया गया। इस दौरान विमान करीब 40 मिनट तक हवा में रहा।

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के आपत्तिजनक पोस्टर लगाने वाले व्यक्ति पर केस दर्ज

**बेंगलुरु ,एजेंसी ।** कर्नाटक पुलिस ने शनिवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कथित आपत्तिजनक पोस्टर बनाने और उन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया। कांग्रेस प्रवक्ता सूर्य मुकुंदराज ने इस संबंध में शहर के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने इस सिलसिले में तुमकुरु निवासी श्रीनिवासमूर्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी ने हिंदुस्तानी सेना नाम से फेसबुक अकाउंट पर सीएम सिद्धारमैया और मैसूरु दशहरा समारोह के खिलाफ आपत्तिजनक और अपमानजनक पोस्टर बनाए थे।सीएम सिद्धारमैया का चेहरा हिंदू मिथकों के अनुसार एक राक्षस राजा महिषासुर के तौर पर दिखाया। आरोपी ने फोटो एडिट में आपत्तिजनक टैगलाइन का इस्तेमाल किया था। सूर्य मुकुंदराज, जो कानूनी प्रकोष्ठ के महासचिव भी हैं, ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।एक अलग मामले में, दक्षिण कन्नड़ जिले के बंटवाल सिटी पुलिस स्टेशन में सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट बनाने के संबंध में शिकायत दर्ज की गई है।

## मायावती का उत्तराधिकारीः दूसरे राज्यों के बाद आकाश को यूपी में उतारने की तैयारी



**लखनऊ, एजेंसी।** दूसरे राज्यों में तराशने के बाद बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद को यूपी में भी उतारा जाएगा। बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश को पार्टी ने अन्य राज्यों में अहम जिम्मेदारी दे रखी है और आकाश वहां तगड़ी मेहनत भी कर रहे हैं। ऐसे में बसपाई थिंक टैंक का मानना है कि लोकसभा चुनाव 2024 में उप्र में भी आकाश का भरपूर इस्तेमाल किया जाए। इससे पहले यूपी में उनके विभिन्न कार्यक्रम कराने पर मंथन हो रहा है।

इस साल मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होने हैं। बसपा ने इन राज्यों में अपनी तैयारियां तेज की हैं। उधर लोकसभा चुनाव भी अगले साल होने वाला है जिसके लिए अभी से मशक्कत शुरू हो गई है। बसपा के यूपी विधानसभा चुनाव में रहे खराब प्रदर्शन के कारण लोकसभा चुनाव में उसकी चुनौती और बढ़ गई है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा को दस सीटें मिलीं थीं पर बाद में उसका प्रदर्शन अन्य चुनावों में यूपी में गिरता चला गया है।

वैसे भी पिछले चुनाव में बसपा सपा और रालोद के साथ गठबंधन में लड़ी थी। इस बार अभी तक बसपा ने किसी भी गठबंधन में शामिल होने से इंकार किया है। उधर बाकी राज्यों में इस साल हो रहे चुनावों में आकाश को अहम जिम्मेदारी दी गई है। वह इन राज्यों में लगातार रैलियां कर रहे हैं। राजस्थान में उनके जनसंपर्क से बसपा आलाकमान खुश है। ऐसे में यह पूरी तैयारी की जा रही है कि लोकसभा चुनाव में आकाश को यूपी में भी मजबूती से उतारा जाए।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने 23 अगस्त को लखनऊ में बैठक बुलाई जिसमें, पार्टी के जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के पदाधिकारी शामिल हुए। इसमें आकाश आनंद भी शामिल हुए थे। इस दौरान मायावती ने आत्मीयता के साथ आकाश के कंधे पर हाथ रखकर सियासी संदेश दे दिया था।

उन्होंने सबके सामने आकाश को अपने पास बुलाकर आशीर्वाद दिया। आकाश लखनऊ की बैठक में शामिल होने के लिए राजस्थान की यात्रा छोड़कर पहुंचे थे। दरअसल यह संदेश देने की पूरी कोशिश की गई कि आकाश खास हैं और भविष्य में उनकी भूमिका बसपा में अहम होगी। मायावती खुद आंदोलनों से दूरी बना रही हैं तो आगे के लिए इस तरह की कमान मजबूती से आकाश को सौंपी जा सकती है।

## सीवर सफाई में मौत, तो 30 लाख, सुप्रीम कोर्ट का सरकारी एजेंसियों को आदेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौत की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि सरकारी अधिकारियों को मरने वालों के परिजनों को 30 लाख रुपए का मुआवजा देना होगा। जस्टिस एस. रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि सीवर की सफाई के दौरान स्थायी दिव्यांगता का शिकार होने वालों को न्यूनतम मुआवजे के रूप में 20 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा।

पीठ ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो जाए। फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति भट ने कहा कि अगर सफाईकर्मी दूसरी दिव्यांगता से ग्रस्त होता है, तो अधिकारियों को 10 लाख रुपए तक का भुगतान करना होगा। न्यायालय ने कई निर्देश जारी किए, जिन्हें पढ़ा नहीं गया।

पीठ ने निर्देश दिया कि सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वय करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं न हों और उच्च न्यायालयों को सीवर से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से न रोका जाए। यह फैसला एक जनहित याचिका पर आया।

जुलाई 2022 में लोकसभा में पेश सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पांच वर्षों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 40 प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुईं।

## 4 साल बाद वतन लौटे नवाज शरीफ

### भगौड़ा घोषित होने बाद लंदन में जिंदगी बिता रहे थे पूर्व पीएम



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ चार साल तक स्वनिर्वासन की जिंदगी काटने के बाद शनिवार दोपहर पाकिस्तान लौटे। आपराधिक मामलों में पाकिस्तान के कानून के तहत भगोड़ा अपराधी घोषित श्री शरीफ चिकित्सा कराने के नाम पर देश से बाहर गए थे और इस दौरान उन्होंने स्वनिर्वासन का अधिकांश समय लंदन में बिताया।

श्री शरीफ दुबई से इस्लामाबाद हवाई अड्डे पर पहुंचे। वहां उनके स्वागत के लिए पूर्व कानून मंत्री सीनेटर आजम तरार और उनकी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के कई और अन्य वरिष्ठ नेता तथा पूर्व प्रधानमंत्री की कानूनी टीम के सदस्य हवाई अड्डे पर पहुंचे थे। श्री शरीफ के आगमन से पहले श्री तरार ने मीडिया से कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज के आगमन के बाद वह हवाई अड्डे के एक लाउंज में जाएंगे। उनके आने पर अब उनके साथ राजनीतिक और कानूनी मुद्दों पर सलाह मश्विरा किया जाएगा। श्री तरार ने यह भी कहा कि कि अदालत के कर्मचारी भी हवाई अड्डे पर पहुंच गए हैं जहां श्री शरीफ के संबंध में सुरक्षा की गारंटी की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कानूनी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए एक हलफनामा आयुक्त और पूर्व डिप्टी मेयर जीशान नकवी भी एयरपोर्ट पर मौजूद थे।

बताया गया कि कानूनी टीम शरीफ के अंगूठा निशान और और हस्ताक्षर आदि लेने के लिए उनके विमान के अंदर जाएगी। श्री नवाज ने दुबई में पाकिस्तान की उड़ान पकडऩे से पहले कहा कि वह वापसी करके खुश हैं। श्री शरीफ को अगले साल जनवरी में होने वाले चुनावों से पहले अपनी पार्टी को फिर से मजबूत करने का अभियान शुरू करने से पहले कई कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। पीएमएल-एन के नेता इशाक डार ने कहा कि नवाज शरीफ आज ही शाम पांच बजे एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करने के लिए यहां लाहौर में मीनार-ए-पाकिस्तान पहुंचेंगे। पीएमएल-एन इस समय अपने आधार को मजबूत करने में लगी है। पार्टी अपने समर्थकों से देश भर से लाहौर में मीनार-ए-पाकिस्तान पर इक्ठा होने का आग्रह कर रही है ताकि वे अपने नेता नवाज शरीफ का स्वागत कर सकें और श्री शरीफ पार्टी की लोकप्रियता का प्रदर्शन कर सकें। राजनीति पर्यवेक्षकों का कहना है कि नवाज़ लाहौर के बजाय इस्लामाबाद पहुंच रहे हैं। राजधानी में उनका उतरना ज़मानत की कानूनी प्रक्रिया के लिए ज़रूरी था। जो इससे पहले 19 अक्तूबर को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा दी गई थी। श्री नवाज ने आज दुबई हवाईअड्डे पर मीडिया से बात करते हुए कहा मैं आज चार साल बाद पाकिस्तान वापस जा रहा हूं। जब मैं पाकिस्तान छोडक़र विदेश जा रहा था, तो मुझे खुशी का कोई एहसास नहीं था, लेकिन आज मैं खुश हूं।

## दिल्ली में प्रदूषण ग्रेप-2 लागूः हवा की दिशा बदलने से 'जहरीली' हुई हवा

### ग्रेटर नोएडा रहा सबसे प्रदूषित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में हवा की दिशा बदलने व गति कम होने के साथ वायु गुणवत्ता खराब स्तर पर पहुंच गई है। इसी के मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने अगले सप्ताह प्रदूषण स्तर में संभावित वृद्धि को देखते हुए वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-2 के तहत प्रतिबंध लागू किए हैं। शनिवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 248 दर्ज किया गया, जोकि खराब श्रेणी है। वहीं, शुक्रवार के मुकाबले 53 सूचकांक की वृद्धि हुई है। वहीं, तीन इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। साथ ही, 24 इलाकों में हवा खराब श्रेणी और चार इलाकों में हवा मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई।

एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सर्वाधिक सूचकांक दर्ज किया गया। वहीं, समग्र रूप से दिल्ली का एक्यूआई खराब श्रेणी में बरकरार रहा। कमोबेश यही स्थिति रविवार को भी बनी रहने का अनुमान है। विशेषज्ञों के मुताबिक हवा की दिशा बदलने के साथ ही पराली का धुआं धीरे-धीरे दिल्ली की ओर रुख कर रहा है। इससे हल्का स्मॉग देखने को मिल रहा है।

सीपीसीबी के मुताबिक दिल्ली में चार इलाकों में बेहद खराब हवा दर्ज की गई। इनमें शादीपुर और न्यू मोती बाग में सबसे अधिक एक्यूआई दर्ज किया गया। जिसमें शादीपुर में सूचकांक 317, न्यू मोती बाग में 316 और बवाना में 305 दर्ज किया गया। वहीं, आनंद विहार में 273, बुराड़ी क्रॉसिंग में 294, दिलशाद गार्डन में 236, आईटीओ में 259, जहांगीरपुरी में 294, द्वारका सेक्टर-8 में 224, मुंडका में 282, एनएसआईटी द्वारका में 233, नेहरु नगर में 281, पंजाबी बाग में 276 समेत 24 इलाकों में हवा खराब रही। इसके साथ ही मथुरा रोड में 127, लोधी रोड में 175, डीटीयू में 159 व श्री अरविंदो मार्ग में 196 एक्यूआई मध्यम श्रेणी रहा।

## होशंगाबाद में दो भाई आमने-सामने, सिंधिया नहीं लड़ेंगे चुनाव



**नई दिल्ली , एजेंसी।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 92 उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी कर दी है। अब तक कुल 230 में 228 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान हो चुका है। अब केवल गुना और विदिशा विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों का एलान होना बाकी है। इसके साथ तय हो गया है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। सिंधिया की मामी पूर्व मंत्री माया सिंह ग्वालियर पूर्व से मैदान में उतरी हैं। वहीं, होशंगाबाद में पार्टी ने मौजूदा विधायक सीतासरन शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। यहां मुकाबला दो सगे भाइयों में होगा।

होशंगाबाद में मुकाबला दिलचस्प हो गया है। यहां भाजपा ने डॉ. सीतासरन शर्मा को टिकट दिया है, जबकि यहां से कांग्रेस उनके सगे भाई गिरिजा शंकर शर्मा को टिकट दे चुकी थी। गिरिजा शंकर हाल ही में कांग्रेस में शामिल हो चुके थे। पिछले 33 साल से शर्मा परिवार का इस सीट पर कब्जा रहा है। 2003 और 2008 में गिरिजा शंकर यहां से भाजपा विधायक थे। वहीं, 2013 और 2018 सीतासरन शर्मा विधायक रहे।

भाजपा ने ग्वालियर पूर्व से पूर्व मंत्री और सांसद माया सिंह को टिकट दिया है। वे रिश्ते में ज्योतिरादित्य सिंधिया की मामी लगती हैं। 2018 में यहां से कांग्रेस के मुन्नालाल गोयल जीते थे, जबकि भाजपा के सतीश सिकरवार को हार मिली थी। सिकरवार अब कांग्रेस में चले गए हैं और यहीं से उम्मीदवार हैं।

इंदौर-3 से आकाश विजयवर्गीय का टिकट कटना तय था, हुआ भी यही क्योंकि उनके पिता और पूर्व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर-1 से मैदान में हैं। आकाश की सीट पर अब राकेश गोलू शुक्ला को टिकट दिया गया है। दिलचस्प रूप से गोलू शुक्ला संजय शुक्ला के रिश्ते में भाई में लगते हैं, जो उसी इंदौर-1 से कैलाश विजयवर्गीय के सामने कांग्रेस के टिकट पर मैदान में हैं। वहीं, इंदौर-5 से महेंद्र हार्डिया को दोबारा टिकट दिया गया है, जबकि यहां से भाजपा के नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे भी टिकट के दावेदार थे।

दमोह से भाजपा ने जयंत मलैया को फिर टिकट दिया गया है। सिंधिया के साथ भाजपा में आए राहुल लोधी का टिकट कट गया है। राहुल लोधी 2020 के उपचुनाव में कांग्रेस के अजय टंडन से हार गए थे। टंडन एक बार फिर से कांग्रेस उम्मीदवार हैं।

टिमरनी से भाजपा ने संजय शाह को टिकट दिया है, जबकि उनके भाई विजय शाह हरसूद से मैदान में हैं। बालाघाट से गौरीशंकर बिसेन का टिकट काटकर उनकी बेटी मौसम बिसेन को टिकट दिया गया है। यहां मुकाबला दो महिलाओं के बीच होगा। कांग्रेस ने अनुभा मुंजारे को टिकट दिया है। विक्रम वर्मा की पत्नी नीना वर्मा को भाजपा ने धार से उम्मीदवार बनाया है।

## सतर्क पुलिस बल के बिना सीमा सुरक्षा या आंतरिक सुरक्षा संभव नहीं : अमित शाह

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** पुलिस स्मृति दिवस' के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सतर्क पुलिस बल के बिना सीमा सुरक्षा या आंतरिक सुरक्षा संभव नहीं है। 'पुलिस स्मृति दिवस' पर एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश भर में पुलिस बल देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सबसे कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं।

# ऋषिकेश में चप्पे–चप्पे पर ट्रैफिक पुलिस की नजर, ड्रोन कर रहा निगरानी

ऋषिकेश। राजधानी देहरादून की तर्ज पर ऋषिकेश में ड्रोन से ट्रैफिक की निगरानी शुरू हो गई। पहले पूरे दिन में पुलिस ने 25 वाहनों के आनलाइन चालान काटकर भेजे। ट्रैफिक पुलिस का दावा है कि इस अभियान से नो पार्किंग में वाहन खड़े होने में कमी आएगी और लोगों को सुचारू रूप से ट्रैफिक चलता हुआ दिखाई देगा।

बीते बुधवार को ऋषिकेश में ट्रैफिक पुलिस की टेक्निकल टीम ने ड्रोन उड़ाया। शहर के चप्पे–चप्पे पर तीसरी आंख घुमाई गई। ड्रोन में लगे कैमरे ने शहर में जगह–जगह नो पार्किंग में खड़े वाहनों की तस्वीरें कैद की। जिसके आधार पर चालान कर वाहन स्वामी के मोबाइल नंबर पर भेज दिए गए। यातायात उप निरीक्षक अनवर खान ने बताया कि जिन वाहनों के चालान आनलाइन काटे गए हैं उनको चालान भी आनलाइन ही भुगतना पड़ेगा। ट्रैफिक पुलिस की यह



कार्रवाई अब लगातार जारी रहेगी। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर बन सके।

**ड्रोन से पहले पार्किंग की हो व्यवस्था**

उत्तराखंड जन विकास मंच के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने पुलिस क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश को ज्ञापन सौंपकर ड्रोन के माध्यम से आनलाइन चालान का विरोध किया। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस की ओर से ड्रोन के माध्यम से नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। लेकिन, शहर में समुचित पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में लोगों को अपने वाहन जहां–तहां खड़े करने पड़ते हैं। पहले पर्याप्त पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही नो पार्किंग जोन में वाहन को खड़ा न करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाए।

# अब स्टेशन पर यात्रियों को रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी दवाएं




ऋषिकेश। रेल यात्रियों को सहज एवं रियायती दर पर दवाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार ने रेलवे स्टेशनों पर जन औषधि केंद्र खोलने का फैसला लिया है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत यह जन औषधि केंद्र अभी देश के 50 स्टेशनों पर खोले जाएंगे। मुरादाबाद रेल मंडल का पहला प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र योगनगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर खोला जाएगा। रेलवे ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस सुविधा को देश के कुल 50 रेलवे स्टेशनों पर जन औषधि केंद्र खोलने करने का फैसला किया है। बाद में इनकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। इस प्रोजेक्ट के तहत स्टेशन परिसर में ही आउटलेट खोले जाएंगे ताकि यात्रियों के साथ–साथ स्टेशन तक आने–जाने वाले नागरिकों को भी सुविधाजनक तरीके से सस्ती दवाएं मिल सके। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल का योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन उत्तराखंड राज्य का एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है।

यह स्टेशन, बहुप्रतिक्षित ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना का पहला स्टेशन है। इसके अलावा पर्यटन और तीर्थाटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण यह स्टेशन उत्तराखंड की प्रसिद्ध चारधाम यात्रा का भी प्रवेश द्वार है। वर्तमान में योगनगरी रेलवे स्टेशन पर एक सप्ताह में कुल 07 ट्रेनों का संचालन हो रहा है, जिनमें प्रतिदिन लगभग 2800 यात्री आवाजाही करते हैं।

## एक नजर

### पहले मोबाइल फोन चुराएं, फिर वापस देने की डील करते हुए धरा आरोपी

हरिद्वार। एक ही कमरे से चार मोबाइल फोन चोरी कर लिए गए। आरोपी ने मोबाइल फोन लौटाने की एवज में रकम की डिमांड की। पीड़ित युवकों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। चोरी और उसके बाद पीड़ितों से ही रकम वसूलने का मामला सामने आने पर पुलिस भी हैरत में पड़ गई।

मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। सिडकुल क्षेत्र के गांव रावली महदूद निवासी शनि कुमार, उसके भाई विशाल कुमार, दोस्त सुमित और साकेत के मोबाइल फोन उस वक्त चोरी कर लिए गए, जब वे अपने कमरे में सो रहे थे। मोबाइल फोन चोरी की बात सामने आने पर एक युवक के मोबाइल फोन से चोरी हुए एक नंबर पर संपर्क साधा।

### गन्नों के नीचे दबने से किसान घायल

रुड़की। गन्नों से भरी एक ट्रैक्टर बोगी के नीचे दबने से एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। कस्बा निवासी एक किसान खेत से अपनी गन्नों से भरी ट्रैक्टर बोगी बाहर निकाल रहा था। कुछ दूर चलने के बाद गन्नों से भरी ट्रैक्टर बोगी पलट गई। इसके चलते बोगी के बराबर में चल रहा एक व्यक्ति गन्ने के नीचे दब गया।

उसको दबा देख आसपास काम कर रहे किसान दौड़े और उसे बाहर निकाला। डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### मारपीट और धमकी पर पति पर केस दर्ज

ऋषिकेश। एक महिला ने पति पर मारपीट और गाली–गलौज का आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की धरपकड़ को पुलिस ने प्रयास तेज कर दिए हैं। कोतवाली पुलिस के मुताबिक महिला ने तहरीर में बताया कि उसका विवाह अपील यादव पुत्र नंदकिशोर, निवासी वार्ड नंबर 97, संगम बिहार, हर्रावाला, डोईवाला के साथ हुआ था। बताया कि अपील ने इसी साल अप्रैल में उसे मायके में छोड़ा, लेकिन वह लेने वापस नहीं आया। जिसके चलते वह खुद ही ससुराल पहुंच गई। इसके बाद से ही पति घर नहीं आ रहा है। जबकि, नजदीक के एक घर में उसका आना–जाना बना हुआ है। आरोप है कि कई दफा गाली–गलौज करने पर विरोध किया, तो पति ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अपील यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 504 और 506 में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# युवा के समग्र कल्याण करने की युक्ति शारीरिक शिक्षा में निहित

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि में योग एवं शारीरिक शिक्षा संकाय के तहत शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षा का लक्ष्य मानव कल्याण से जुड़ा है। युवाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के साथ समग्र कल्याण करने की युक्ति शारीरिक शिक्षा में निहित है। डीन प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि शरीर का मन के साथ तालमेल ही सही स्वास्थ्य को परिभाषित करता है। डॉ. शिवकुमार चौहान ने शारीरिक शिक्षा को युवा वर्ग की पहली जरूरत बताते हुए कहा कि शिक्षा के रहस्य को जानने के लिए शारीरिक शिक्षा की शरण में आना आवश्यक है। शारीरिक शिक्षा युवाओं की सामाजिक भागीदारी और विकास को सर्वाधिक प्रभावित करती है। स्वस्थ रहने का आधार केवल आहार, विहार तथा विचार पर ही केंद्रित नही है, यह मानसिक शांति एवं संतुलित भाव से भी स्वास्थ एवं समग्र कल्याण की भावना को बल मिलता है।

### गाजीवाली में पंचायत भूमि का अतिक्रमण किया चिन्हीकरण

हरिद्वार। पंचायत की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत पर प्रशासनिक टीम ने पैमाइश कर अतिक्रमण चिह्नित किया। ग्रामीण बेगमा निवासी गाजीवाली ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर ग्राम पंचायत की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की।

# विधायक उमेश ने निजी खर्च से कराया सड़क का निर्माण

रुड़की। घाड़ क्षेत्र के खेड़ी शिकोहपुर गांव में खानपुर विधायक उमेश कुमार शर्मा ने अपने निजी खर्च से 200 मीटर सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया है।

लोगों ने ढोल नगाड़ों और नारों के साथ उमेश कुमार का स्वागत किया। सड़क का उद्घाटन करते हुए विद्यायक उमेश कुमार ने कहा कि वो कोशिश करते हैं कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि एक सांसद ने इस गांव को गोद लिया है फिर भी गांव में विकास नहीं हो पा रहा है।

# अस्पताल जनता के द्वार कार्यक्रम में 225 लोगों ने कराई जांच

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : अस्पताल जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा विकासखंड पोखरी के दूरस्थ क्षेत्र नेल सांकरी में मल्टी स्पेशिलिटी निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 225 से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा पंजीकृत लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित की गयी। वहीं शिविर में 20 आयुष्मान कार्ड, 20 आभा आईडी बनाई गई और 01 लाभार्थी को विकलांग प्रमाण पत्र वितरित किया गया।शिविर का शुभारम्भ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिमरनजीत कौर एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी उमा रावत ने किया। सचिव, सिमरनजीत कौर ने शिविर में विधिक सेवा के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। अपर



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमा रावत ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी, टीवी मुक्त पंचायत के बारे में विस्तृत जानकारी दी। स्वास्थ्य शिविर में अस्थि रोग के 27, ईएनटी के 22 , नेत्र के 72, स्त्री रोग के 11, शल्य रोग के 08, दंत 09, मेडिसिन के 40, आयुर्वेदिक के 45, निशुल्क रक्त जांच 13, ईसीजी के 02 तथा विभिन्न गैरसंचारी रोगों के 12 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। शिविर में सेम, साकरी, देवीखेत, खाल, भिकोना, त्रिशूला, संगूर ,आलीशाल, चमशील आदि गांवों के लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस मौके पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल प्रसाद, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. पन्ना लाल, फिजीशियन डॉ. सत्येंद्र कंडारी, ईएनटी सर्जन डॉ. निधि, डेंटल सर्जन डॉ. प्रतिभा मधुकर, शल्यक दीपक नेगी, डॉ. नेहा चौहान आदि मौजूद रहे।

# देहरादून में अपराधी आसानी से नहीं हो सकेगा फरार

देहरादून। तकनीक के इस दौर में आपराधिक घटनाओं के अनावरण के लिए पुलिस भी नई–नई तकनीक कंा इस्तेमाल कर रही है। पहले अधिकतर घटनाओं का पर्दाफाश सर्विलांस से होता था तो अब सीसीटीवी कैमरों की भी भूमिका अहम हो गई है। सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल न सिर्फ आपराधिक घटनाओं के लिए बल्कि यातायात निगरानी के लिए भी किया जा रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस अब सीसीटीवी के सिस्टम को और मजबूत करने जा रही है। शहर में लगे करीब 10 हजार सीसीटीवी कैमरों की गूगल मैपिंग की जा रही है। इसके बाद कोई अपराध होने पर अपराधी आसानी से बचकर बाहर नहीं भाग सकेगा। शहर के अंदर होने वाली आपराधिक घटनाओं के बाद बदमाश आसानी से बॉर्डर पार कर जाते हैं।

कैमरों की होगी गूगल मैपिंग

अपराध बढ़ने का एक बड़ा कारण यह भी है कि अब तक जितने भी सरकारी व निजी कैमरे लगे हैं, उनकी मैपिंग नहीं हो पाई है। ऐसे में



घटना होने के बाद पुलिस एक के बाद एक कैमरा खंगालती रहती है तब तक अपराधी शहर से बाहर फरार हो चुका होता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए एसएसपी अजय सिंह ने सभी कैमरों का गूगल मैपिंग करने के निर्देश जारी किए हैं।

**मुख्य मार्गों पर लगे कैमरों की हो रही मैपिंग**

सभी थाना क्षेत्रों में लगे पुलिस, स्मार्ट और निजी कैमरों की मैपिंग की जा रही है। इसके लिए पुलिस विभाग की ओर से सभी थानाध्यक्षों को एक एप उपलब्ध करवाई गई है, जिसके माध्यम से मुख्य सड़क पर लगे कैमरों की फोटो लेकर उनकी मैपिंग की जा रही है। एक बार शहर के सभी कैमरों की मैपिंग होने पर एक जगह बैठकर आसानी से किसी भी क्षेत्र का कैमरा देखा जा सकेगा।

अब तक यह है व्यवस्था

मौजूदा समय में कैमरों की मैपिंग न होने के चलते पुलिस को अपराधी तक पहुंचने में काफी समय लग जाता है। एक जगह अपराध होने के बाद पुलिस एक–एक कैमरे को चेक करते हुए आगे बढ़ती है। एक ही रूट पर यदि 500 कैमरे हैं तो सभी को खंगालने में घंटों लग जाते हैं। ऐसे में अब यदि घंटाघर में कोई अपराध होता है और पुलिस को किशनपुर चौक तक के कैमरे देखने हैं तो गूगल मैपिंग से पता लग जाएगा कि कैमरे कहां–कहां पर लगे हुए हैं।

**एसएसपी ने की ये बात**

किसी भी आपराधिक घटना का पर्दाफाश करने में सीसीटीवी कैमरों की अहम भूमिका होती है। अब शहर के अंदर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की गूगल मैपिंग की जा रही है। इसमें पुलिस, स्मार्ट सिटी व निजी कैमरे शामिल हैं। एक बार मैपिंग का काम पूरा होने के बाद यदि लगेगा कि और कहीं कैमरे लगाने की जरूरत है तो वहां पर आमजन के सहयोग से कैमरे लगवाए जाएंगे। गूगल मैपिंग का काम पूरा होने के बाद आसानी से पता लग सकेगा कि कहां–कहां कैमरे लगे हुए हैं।

**— अजय सिंह, एसएसपी, देहरादून**

# लूटपाट का विरोध करने पर महिला की हत्या

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार में घर में अकेली एक महिला की हत्या कर दी गई। माना जा रहा है कि लूटपाट का विरोध करने पर महिला की हत्या की गई है। हालांकि, घर से कोई भी सामान गायब होने की बात से पुलिस इनकार कर रही है। पुलिस टीमें गठित कर हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, भूपतवाला स्थित शिवनगर रानी गली निवासी महेश सैनी पेशे से टेलर हैं। उनके दो बेटे हैं। एक हॉस्टल में रहकर पढ़ता है और दूसरा हरिद्वार में एक इंस्टीट्यूट का छात्र है।

महेश सैनी की पत्नी ममता घर पर अकेली थी। इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाला उनका बेटा अभय शुक्रवार दोपहर घर पहुंचा तो बाहर से दरवाजे की कुंडी लगी थी। अभय को लगा कि मां पड़ोस में कहीं गई होगी। वह दरवाजा




खोलकर अंदर पहुंचा तो बेड पर मां का शव देखा।

**मुंह से निकल रहा था खून**

शव आधा बेड पर और आधा नीचे लटका हुआ था और मुंह से खून निकल रहा था। अभय की चीख सुनकर आसपास के लोग आ गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। शहर कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी जुटाई। बाद में एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल, एसपी क्राइम अजय गणपति, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने भी मौका मुआयना कर जानकारी हासिल कीं।

एसओजी और फोरेंसिक टीमों ने भी सुराग जुटाए। वहीं, एक पुलिस टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है। शुरुआत में ऐसा माना जा रहा था कि लूटपाट के लिए हत्या को अंजाम दिया गया है, लेकिन पुलिस ने घर से कोई भी जेवर–नकदी आदि सामान गायब होने से इनकार किया है। एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने कहा कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

# लूट का झांसा देकर बाइक सवार से जेवरात की ठगी



रुड़की। दिनदहाड़े बाइक सवार से दो ठग सम्मोहन कर जेवरात ठग ले गए। पुलिस ने तहरीर पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को पुलिस खंगाल रही है। सिविल लाइंस कोतवाली को श्री सांई एनक्लेव निवासी बृजलाल गोयल ने तहरीर देकर बताया कि बुधवार को दोपहर के वक्त वह बाइक से घर की ओर जा रहे थे। इस बीच मोहनपुर के पास दो लोगों ने उन्हें रोक लिया। उन्होंने कहा कि आगे लूट हो गई है यदि उनके पास रकम और कीमती जेवरात हैं तो वह उसको छुपा लें। लूट की बात सुनकर उन्होंने एक रुमाल में अंगूठी और सोने की चेन को बांध दिया और बात करने लगे। कुछ मिनट बाद बातों में फंसाकर दोनों ठग वहां से चले गए। आगे जाकर बृजलाल ने रुमाल देखा तो उसमें कंकर पत्थर मिले।

# चयनित वन दरोगा अभ्यर्थियों ने मुख्यालय में दिया धरना

देहरादून। वन दरोगा भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों ने वन मुख्यालय पर धरना दिया। उन्होंने वहां सीसीएफ कार्मिक निशांत वर्मा से मुलाकात कर जल्द नियुक्ति की मांग की। उन्होंने इस बार पर भी रोष जताया कि चयन होने के बाद अब तक भी उनको नियुक्ति नहीं मिल पायी। जिससे वे काफी परेशान हैं। ना तो वे आगे तैयारी कर पा रहे हैं ना ही वे नौकरी ज्वाइन कर पा रहे हैं। ऐसे में उनको मानसिक व आर्थिक रूप से काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि पिछले माह विभाग को संस्तुति प्राप्त हो चुकी है और इससे पूर्व उच्च न्यायालय की संयुक्त खंडपीठ भी वन विभाग को सीधी भर्ती कोटे के पदों को सीधी भर्ती के माध्यम से भरने का आदेश दिया दे चुका है। स्वयं वन विभाग द्वारा उच्च न्यायालय में दाखिल अपने शपथ पत्र में यह तथ्य स्वीकार कर चुका है कि वर्तमान में वन दरोगा के रिक्त सभी पद सीधी भर्ती कोटे के ही है।

# बीएसएम तिराहे पर परिवहन विभाग की ओर से की गई कार्रवाई

रुड़की। परिवहन विभाग की ओर से बीएसएम तिराहे पर एक स्कूली बस को रोककर उसकी चेकिंग की गई तो बस बिना फिटनेस, बीमा के संचालित हो रही है। छह साल से उसने कर तक जमा नहीं किया है। जिस पर परिवहन विभाग की ओर से उसको सीज कर दिया गया। इस दौरान 176 वाहनों के चालान काटे गए हैं।

परिवहन विभाग की ओर से शुक्रवार को एआरटीओ कुलवंत सिंह चौहान के नेतृत्व में चेकिंग अभियान संचालित किया गया। एआरनटीओ ने बताया कि बीएसएम तिराहे के समीप चेकिंग के दौरान सिपाही ने एक स्कूली को बस को रोका। बस की छानबीन की गई तो उसके पास ना तो फिटनेस का प्रमाण पत्र था ना ही बीमा आदि था।

**2018 से नहीं जमा किया गया टैक्स**




चेकिंग के दौरान यह भी पता चला कि साल 2018 से बस का टैक्स तक जाम नहीं किया गया। जिस पर बस को सीज कर दिया गया। इसके अलावा चार प्राइवेट वाहन से स्कूली बच्चों का परिवहन करते हुए पाए जाने पर उनके चालान काटे गए। साथ ही हिदायत दी गई कि व्यवसायिक रूप से निजी वाहन का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।

**मानक का पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई**

एआरटीओ ने बताया कि उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा मानिटरिंग कमेटी के निर्देशों के अनुपालन में रुड़की के सभी स्कूली वाहनों का सत्यापन किया जा रहा है। सभी को निर्देश दिए गए है कि वह मानकों का पालन करें।

मानक का पालन नहीं करने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग की ओर से चेकिंग लगातार की जा रही है। साथ ही स्कूल, कालेजों में जाकर सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि कुल 176 चालान काटे गए हैं।

## सीएम प्रोत्साहन योजना को 61 खिलाड़ी चयनित

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी** : मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत खिलाड़ियों का ट्रायल का आयोजन शनिवार को भी किया गया। जिसमें 21 से 23 आयु वर्ग के बालक व बालिकाएं शामिल हुईं। कण्डोलिया मैदान व इण्डोर स्टेडियम पौड़ी में हुए इस ट्रायल में जिले के सभी ब्लाकों के 21 से 23 आयु वर्ग में 17 बालक, जबकि 15 बालिकाओं सहित कुल 32 खिलाड़ियों ने 12 खेलों में हिस्सा लिया। जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि योजना के जनपद स्तरीय चयन ट्रायल में 17 बालक और 44 बालिकाओं सहित कुल 61 खिलाड़ियों द्वारा हिस्सा लिया गया। इन खिलाड़ियों को चयनित कर छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। चयन ट्रायल के सफल संचालन में दीपक चन्द्र जोशी, श्याम सिंह डांगी, महेश्वर सिंह नेगी सहित प्रशिक्षकों आदि का योगदान रहा।

# वाल्मीकि समाज के अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

### भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम



कोटद्वार के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करती मुख्य अतिथि महापौर हेमलता नेगी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की ओर से वाल्मीकि समाज के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

शनिवार को बदरीनाथ मार्ग स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर हेमलता नेगी ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में अपना लक्ष्य तय कर पूरी मेहनत व ईमानदारी से उसे पाने में जुट जाना चाहिए। अभिभावकों को भी अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उन्हें प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से बाबा साहेब अंबेडकर सहित अन्य महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। कहा कि जीवन में असफलता से भी मनुष्य को बहुत सीख मिलती है। कार्यक्रम के दौरान पढ़ाई के क्षेत्र में अव्वल रहने वाले 35 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सदस्यों ने कहा कि आज समाज के उच्च पदों पर पहुंचकर देश व प्रदेश की तरक्की में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस मौके पर संस्था के राष्ट्रीय सर्वोच्च निदेशक वीर श्रेष्ठ सुरेश देवांतक, पार्षद विपिन डोबरियाल, गुड्डू चौहान, राकेश दानव, ओपी भारती, श्याम सिंह गोडियाल, राकेश संवरिया, विशाल कुमार, डा. राधा वाल्मीकी, गुरुमुख सिंह खोसला आदि मौजूद रहे।

# आमजन से की फिजियोथैरेपी सेंटर का लाभ लेने की अपील



आयोजित बैठक में अपने विचार रखते सदस्य।

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : वरिष्ठ नागरिक संगठन की बैठक में हंस फाउंडेशन के सहयोग से संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर का लाभ आमजन तक पहुंचाने और फिजियोथैरेपी का शुल्क 50 रुपये निर्धारित करने का निर्णय लिया गया।

आनंद विहार, मानपुर स्थित कार्यालय में संगठन के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगठन के संरक्षक सेवानिवृत्त डीआईजी जयेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथ ही सामाजिक कार्यों में अपनी सेवाएं प्रदान कर वंचित, शोषित, उपेक्षित समाज में शिक्षा का विस्तार करें और वरिष्ठ नागरिकों के सुख-दुःख में साथ दें। कहा कि फिजियोथेरेपी सेंटर में प्रशिक्षित फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा गर्दन, जोड़, ऐड़ी, कमर दर्द, कंधा जाम, कमर दर्द, फ्रेक्चर के बाद की अकड़न व बच्चों का इलाज आधुनिक मशीन द्वारा किया जा रहा है। संगठन के अध्यक्ष सेवानिवृत्त कैप्टन पीएल खंतवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रकाशचंद्र कोठारी, डॉ. चंद्रमोहन बड़थ्वाल, राजेंद्र पंत, सेवानिवृत्त डीएफओ धीरजधर बछवाण, चित्रमणि देवलाल, विनोद नेगी, प्रदीप अग्रवाल, सुरेंद्र लाल आर्य, महेंद्र अग्रवाल, सूर्यनारायण पांडे, रमेश चंद्र खंतवाल, संग्राम सिंह भंडारी, विजय लखेड़ा, नरेंद्र कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# रावण ने किया माता सीता का हरण

### दुगड्डा में आयोजित रामलीला का सातवां दिन



दुगड्डा में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : रामलीला कमेटी की ओर से दुगड्डा में आयोजित रामलीला के सातवें दिन सीता हरण का मंचन किया गया। इस दौरान रामलीला का मंचन देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

लीला का आरंभ यमकेश्वर विधानसभा विधायक रेनू बिष्ट और गाजियाबाद के डिप्टी मेयर राजीव शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

विधायक रेनू बिष्ट ने अपने संबोधन में लीला की प्रशंसा करते हुए सभी कलाकारों और पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

तत्पश्चात माता के भजनों से लीला का आरंभ किया गया। लीला में राम, लक्ष्मण व सीता का शबरी व मुनि अत्रि के आश्रम से पंचवटी में पहुंचना, पंचवटी में सूर्पनखां का प्रवेश करना और राम लक्ष्मण को विवाह के लिए कहना और सीता को डराना, लक्ष्मण का सूर्पनखां के नाक व कान काटना, सूर्पनखां का यह वृत्तांत खर और दूषण को बताना, खर व दूषण का राम लक्ष्मण से युद्ध में मारा जाना, सूर्पनखां का रावण के पास जाना, रावण का सीता हरण करना और रावण जटायु युद्ध तक की लीला का मंचन किया गया।

लीला संपन्न कराने में नितेश ठाकुर, संजीव कोटनाला, प्रदीप बडोला, राहुल जैन और वीरेंद्र शाह ने भी सहयोग दिया।

## कलयुग में मनुष्य तनाव और अशांति में जी रहा : मंमगाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : शारदीय नवरात्र महामहोत्सव पर सिद्धपीठ भुवनेश्वरी में धार्मिक अनुष्ठानों में श्रद्धालु बड़ी संख्या में हिस्सा ले रहे हैं। यहां नवरात्र के शुरूआत से ही एक साथ तीन पुराणों का आयोजन पहली बार किया जा रहा है

भुवनेश्वरी मंदिर में भागवत कथा करते हुए आचार्य विनोद मंमगाई ने कहा कि भगवान अशांत जीवन को शांत बना देते है। कलियुग में मनुष्य बहुत ज्यादा तनाव में और अशांति में जी रहा है, कोई तन दुःखी कोई मन दुःखी तो कोई धन बिन रहत उदास, थोड़े-थोड़े सब दुःखी, लेकिन सुखी राम के दास कहते हुए उन्होंने कहा कि संसार में सब आनंद ही चाहते हैं, लेकिन आनंद किसी को नहीं मिल पा रहा, क्योंकि आनंद मिल गया होता तो भागदौड़ ही समाप्त हो जाएगी। जैसे सारी नदियां समुद्र की तरफ भाग रही है उसी प्रकार आनंद रूप कृष्ण के सब अंश है। इसलिए सब आनंद पाने के लिए भाग रहे हैं। कहा कि भौतिक उपलब्धियां और धन आदि पाने के बाद भी मनुष्य अशांत ही रहता है क्योंकि मनुष्य का मन शांति के धाम भगवान में नहीं लगता।

# विद्यार्थियों ने किया रामलीला का सुंदर मंचन



कोटद्वार के नवयुग पब्लिक स्कूल में रामलीला का मंचन करते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नवयुग पब्लिक स्कूल पदमपुर मोटाढाक में दशहरा उत्सव मनाया गया। जिसमें नवयुग के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया व लघु नाट्य के रूप में रामलीला कथा में अभिनय किया।

दशहरा उत्सव के आयोजन के लिए पूर्व से ही विद्यालय में कई तैयारिया की गयी थी। जिसमें रामलीला में होने वाले विभिन्न साज-सज्जा, परिधान इत्यादि व्यवस्थीकरण शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा मिलकर किया गया। आयोजित किए गए दशहरे के उत्सव में हनुमान जी का पात्र मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। साथ ही अन्य विद्यार्थियों द्वारा निभाए गए पात्र भी सराहनीय रहे। अंत में राम के द्वारा रावण पर अग्नि का तीर छोड़ा गया व रावण दहन किया गया। इस शुभअवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम नेगी व विद्यालय के समस्त स्टाफ सहित समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## एसीपी फाइल डेढ़ साल से सीईओ कार्यालय में धूल फांक रही

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जनपद पौड़ी के अशासकीय विद्यालयों के तैनात शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की एसीपी फाइल पौड़ी मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में डेढ़ साल से धूल फांक रही है। जिस कारण कर्मचारियों को एसीपी का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। आक्रोशित कर्मचारियों आंदोलन कि चेतावनी दी हैं।

अशासकीय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष दर्शन सिंह रिगोड़ा रावत ने बताया कि आशासकीय विद्यालयों में सेवा दे रहे कर्मचारियों के एसीपी प्रकरण का मामला डेढ़ साल से सीईओ पौड़ी कार्यालय में लंबित पड़े हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि विभागीय अधिकारीयों को कई बार लिखित, मौखिक बताने के बावजूद भी इन प्रकरणों को अधिकारी जानबूज कर लटका रहे हैं। संघ के पदाधिकारीयों ने चेतावनी दी की यदि शीघ्र उन्हें एसीपी का लाभ नहीं मिला तो सीईओ कार्यालय में आंदोलन किया जाएगा। उधर मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र गौड़ ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। शीघ्र कर्मचारियों को एसीपी का लाभ दिया जाएगा।

# नैनीडांडा ब्लॉक के बैहहाट मोछण में बाघ सक्रिय, दहशत में ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : नैनीडांडा के बैडहाट मोछण में वन विभाग की टीम अभी तक बाघ को नहीं पकड़ पाई है। जिससे ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। वन विभाग ने यहां तीन पिंजरे भी लगा रखे है। जबकि ट्रेंक्यूलाइज टीम के साथ ही बाघ को कैद करने के लिए ट्रैप कैमरे भी लगाए गए हैं, लेकिन बाघ इनमें कैद नहीं हुआ। वहीं क्षेत्र के आस-पास के सभी स्कूल भी अभी बंद ही चल रहे हैं।

वन अफसरों के अनुसार कालागढ़ टाइगर रिजर्व से लगा यह इलाका काफी लंबा है। बाघ यहां सक्रिय है और गुर्राने की आवाज भी ग्रामीण सुन रहे हैं, लेकिन न तो बाघ पिंजरों की तरफ ही आ रहा है और नहीं यहां लगे कैमरों में उसकी लोकेशन आ रही है। ऐसे में ट्रेंक्यूलाइज टीम के भी हाथ खाली है। बाघ पर नजर रखने के लिए विभागीय टीम भी साथ में ही हर दिन गश्त कर रही है, लेकिन टीम को भी बाघ नहीं दिखाया दिया। बाघ ने बैहहाट मोछण में बीती 3 अक्तूबर को महिला को मार दिया था। तब से यहां ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। वन विभाग की जांच में अभी तक यह साफ हुआ कि यह वही बाघ है जिसने नैनीडांडा के भैडगांव में भी एक व्यक्ति को मार दिया था। यानी बाघ ने अब तक दो लोगों को अपना निवाला बना दिया। बाघ के इस क्षेत्र में सक्रिय होने के कारण बीती 5 अक्तूबर से अभी तक यहां आस-पास के आधा दर्जन स्कूलों को बंद किया हुआ है। इसके साथ ही नैनीडांडा हल्दूखाल मोटरमार्ग पर शाम छह बजे बाद दोपहिया वाहनों को भी नहीं चलने दिया जा रहा है। वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र रावत ने बताया कि यहां ट्रैप कैमरों को भी शिफ्ट किया गया है, ताकि बाघ की लोकेशन का पता चल सके। वहीं पुलिस इसके लिए लोगों को जागरूक भी कर रही है। पौड़ी की एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि नैनीडांडा क्षेत्र में चौकी प्रभारी भावना भट्ट और उनकी टीम अपने स्तर से भी बाघ प्रभावित गांवों में लोगों को पूरी सतर्कता बरतने के लिए कह रही है। सिमली, केलधार, मोछण, बैडहाट आदि में बाघ की दहशत ग्रामीणों में बनी है। सड़क पर दो पहिया वाहनों से लोग अकेले सवारी न करे इसके लिए पुलिस ने एलाउंसमेंट भी किया है। समय-समय पर लोगों को बताया भी जा रहा है। ग्रामीणों और महिलाओं को अकेले जंगल की ओर न जाने की हिदायत भी दी गई है।

## छात्राओं ने बनाई आकर्षक रंगोलियां

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर श्रीनगर के गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने नए सत्र के प्रारंभ एवं विविध त्योहारों के आगमन पर आकर्षक रंगोलियां बनाई। गढ़वाल विवि की गृह विज्ञान विभाग की कार्यक्रम संयोजक डा. अनीता सती ने बताया कि रंगोली एक पारंपरिक भारतीय कला है। जिसमें आंतरिक सृजन शामिल है। मान्यता है कि रंगोली की आकृतियां और विभिन्न रंगों का संयोजन सकारात्मकता लाने के साथ-साथ खुशहाली भी लेकर आती है। रंगोली का नाम और शैली एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में भिन्न हो सकती हैं, लेकिन इसके पीछे की भावना और संस्कृति में बहुत समानता है। इस मौके पर प्रो. ज्योति तिवारी, डा. अनीता सती, अंकिता बिष्ट, पुनीता, मनूजा, यशिका, लक्ष्मी सहित आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# कार का शीशा तोड़कर उड़ाई नगदी



मोटरनगर में बदमाशों द्वारा तोड़ा गया कार का शीशा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शहर में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है। कुछ दिन से जहां शरवासियों की मोटर साइकिलें चोरी हो रही हैं। वहीं, अब अज्ञात बदमाशों ने मोटरनगर में खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर नगदी पर हाथ साफ कर दिया। शिकायत के बाद पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

शनिवार को सिताबपुर निवासी हरेंद्र सिंह की कार मोटरनगर स्थित गैराज के समीप खड़ी थी। इसी दौरान बदमाशों ने कार का शीशा तोड़कर वहां रखे चार हजार नौ रुपये पर हाथ साफ कर दिया। एसएसआई जयपाल चौहान ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं, शहर में अब तक तीन बाइकें चोरी होने के बाद शनिवार को भी एक मोटर साइकिल चोरी हो गई। गोविंद नगर निवासी मोहित कुमार की मोटर साइकिल को अज्ञात बदमश लेकर चले गए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेची जमीन, तीन गिरफ्तार




पुलिस हिरासत में पकड़े गए आरोपित।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीनों की खरीद फरोख्त करने वाले तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में एक महिला भी शामिल है।

जानकारी देते हुए कोतवाल मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि 15 अगस्त, 2023 को अमित जोशी पुत्र हरीश चन्द्र जोशी ने कोतवाली कोटद्वार में एक शिकायती प्रार्थनापत्र दिया। जिसमें उनके जीजा स्व. बद्री विशाल निवासी कालाबड़ के नाम पर ग्राम दुर्गापुरी मोटाढाक में स्थित भूमि को आरोपी अनामिका मैठाणी, उसकी साथी कुसुम उर्फ कौशर व निधि बिंजोला ने आपराधिक षडयंत्र कर किरण देवी निवासी कोटद्वार को धोखाधड़ी से 23 लाख में बेच दिया। पीड़ितों के शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने उनके खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया। कोतवाल ने बताया कि एक अन्य मामले में इन तीनों आरोपियों अनामिका मैठाणी उसकी साथी कुसुम उर्फ कौशर व निधि बिंजोला ने सुनीता देवी पत्नी विकेश सिंह नेगी, निवासी दुर्गापुर से फर्जी दस्तावेज के जरिए रजिस्ट्री कराकर 13 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में भी मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गई है। जमीनों की अवैध खरीद फरोख्त और धोखाधड़ी के इस मामले में कौशर पत्नी मकबुल अहमद, भूपेन्द्र पुत्र गोपीचन्द्र व गजेन्द्र चौधरी को कोटद्वार से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार ये लोग फर्जी दस्तावेज तैयार कर असली भू-स्वामी के बजाय खुद रजिस्ट्री कर फर्जी तरीके से लोगों को जमीन बेचने का काम करते हैं।

### ऐसे होता था फर्जीवाड़ा

अनामिका मैठाणी व निधि बिंजोला ने आपराधिक षडयंत्र के तहत गजेन्द्र सिंह को फर्जी बद्री विशाल बनाकर व बद्री विशाल के फर्जी दस्तावेज बनाकर मृतक बद्री विशाल के नाम पर दुर्गापुरी मोटाढाक की भूमि को 23 लाख रुपये में किरण देवी पत्नी स्व. चिरंजी लाल निवासी गाड़ीघाट कोटद्वार को बेच दी व लाभांश कमाने की नियत से अनामिका मैठाणी ने अपनी सगी बहन सुमन मैठाणी पत्नी धनीष मैठाणी निवासी गौनियाल कालोनी कोटद्वार के नाम पर भी भूमि की रजिस्ट्री की गई। फर्जी कागजात तैयार कर की गई रजिस्ट्री में भूपेन्द्र के द्वारा गवाह बनकर गजेन्द्र की स्वर्गीय वद्री विशाल के रूप में पहचान की गई। रजिस्ट्री एक महिला वकील ने तैयार की। भूपेंद्र इस महिला वकील के सहायक के रूप में कार्य करता है। कौशर पत्नी मकबूल अहमद अपने पति के साथ जमीन के क्रय-विक्रय का काम करती है।

# माँ बाला सुन्दरी मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा


**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : कल्जीखाल के ग्राम फल्दा में मां बाला सुन्दरी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व सुबह पहले श्रद्धालुओं ने यहां कलश यात्रा भी निकाली।

ब्लाक प्रमुख द्वारीखाल महेन्द्र सिंह राणा ने फल्दा में डबराल बन्धुओं द्वारा आयोजित मां बाला सुन्दरी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जिला पंचायत सदस्य संजय डबराल, पूर्व बीडीसी सदस्य नीलम डबराल, संतोष डबराल, जगत सिंह पटवाल ने शॉल ओढ़ाकर प्रमुख का स्वागत किया। कलश यात्रा में महिलाओं और बच्चों ने हिस्सा लिया। मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में ब्लाक प्रमुख महेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमें अपनी धरोहरों और सांस्कृतिक विरासतों और धार्मिक स्थलों के प्रति प्रेरणा मिलती है।

मां बालकुंवारी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एक अच्छी पहल है। इस मौके पर संजय डबराल ने सभी आगन्तुकों का स्वागत किया। इस अवसर पर संतोष डबराल, आसमा बेगम, कनिष्क उपप्रमुख अर्जुन पटवाल, कल्जीखाल व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पटवाल, मंगत डबराल, अरविन्द नैथानी, राजेश भण्डारी, सतेन्द्र रावत आदि मौजूद रहे।

# पिथौरागढ़ के लोगों को अब कार्निया के आपरेशन के लिए नहीं जाना होगा बाहर



पिथौरागढ़। सीमांत जिले पिथौरागढ़ के लोगों को अब कार्निया के आपरेशन के लिए जिले से बाहर नहीं जाना होगा। सीमांत हॉस्पिटल जल्द ही यह सेवा शुरू कर देगा। गरीबों को आपरेशन की सुविधा निशुल्क जायेगी। पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय में सीमांत सेवा फाउंडेशन का चैरिटेबल हास्पिटल शुरू हो गया है।

**जल्द हृदय रोगों के उपचार की सुविधा**

फाउंडेशन के राकेश देवलाल ने कहा कि जिले में हृदय रोग विशेषज्ञ नहीं होने से लोगों को हो रही दिक्कत को देखते हुए हास्पिटल में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डा.दीप पंत के प्रयासों से जल्द हृदय रोगों के उपचार की सुविधा दी जायेगी।

**सरकारी हेल्थ योजनाओं की भी मिलेगी सुविधा**

हॉस्पिटल के नेत्र सर्जन डा.आदित्य अग्रवाल ने कहा कि फाउंडेशन लोगों को न्यूनतम शुल्क पर बेहतरीन सुविधायें देने का प्रयास करेगा।

सरकारी अस्पताल की दर पर ही लोग पर्ची कटाकर अपनी जांचें करवा सकेंगे। आयुष्मान कार्ड, गोल्डन कार्ड, ईसीएचएस कार्ड की सुविधा भी अस्पताल में मिलेगी।

# अल्मोड़ा में अब बढ़ेगा फलों का उत्पादन, 37 हेक्टेयर में लगाए जाएंगे



अल्मोड़ा। वर्षाकालीन फल पौध रोपण अभियान के पूरा होने के बाद अब उद्यान विभाग आगामी शीतकालीन पौधारोपण की तैयारी में जुट गया है। दिसंबर–जनवरी में 37 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सेब, आड़ू व कीवी के पौधे रोपित किए जाएंगे। काश्तकारों को 50 प्रतिशत सब्सिडी पर पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे।

वर्तमान में जिले के विकास खंडों हवालबाग, ताड़ीखेत, ताकुला, भिकियासैंण, चौखुटिया, भैसियाछाना, सल्ट, धौलादेवी, द्वाराहाट, लमगड़ा व स्याल्दे में फलों की खेती की जाती है।

वर्तमान में जिले के विभिन्न विकास खंडों में सेब, आड़ू व कीवी का फल उत्पादन क्षेत्रफल क्रमशः 189.40 हेक्टेयर, 495.26 तथा 24.19 हेक्टेयर है। वहीं इन फलों का उत्पादन क्रमशः 320.14 मीट्रिक टन ,1448.30 तथा 24.19 मीट्रिक टन होता है। इस बार शीतकालीन पौधारोपण के तहत विभाग ने कीवी का रकबा ज्यादा बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**किस फल के कितने हेक्टेयर में रोपित होंगे पौधे**

फल – क्षेत्रफल
सेब – 10 हेक्टेयर
आड़ू – 7 हेक्टेयर
कीवी – 20 हेक्टेयर

**फल वाले पौधों को होगा रोपण**

बागवानी मिशन योजना के तहत दिसंबर–जनवरी में फल प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा। इस दिशा में विभिन्न विकास खंडों के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गई। बागवानों को उद्यान सचल दल केंद्रों से फल पौध वितरित किए जाएंगे। – एसके शर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी, अल्मोड़ा

# सैलानियों को आकर्षित कर सकता है भालू डैम



रानीखेत क्षेत्र में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं लेकिन नए पर्यटन स्थलों का विकास तो दूर अंग्रेजों के बनाए गए पर्यटक स्थल भी भुला दिए गए हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख पर्यटक स्थल भालू डैम भी उपेक्षा की मार झेल रहा है। वर्ष 1903 में अंग्रेजों ने चौबटिया गार्डन से तीन किमी दूर अर्ध–गोलाकार डैम का निर्माण कराया था। वे वहां नौकायन करते थे। आजादी के बाद इस डैम का सौंदर्यीकरण नहीं हो सका। भालू डैम कृत्रिम झील है। यह पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसकी लंबाई 70 मीटर, चौड़ाई 6.6 मीटर और गहराई करीब नौ मीटर बताई जाती है। बांज, बुरांश और देवदार के घने जंगलों के बीच बने इस डैम की खूबसूरती देखते ही बनती है।

यहां सफारी, फोटोग्राफी और ट्रैकिंग रूट विकसित किए जा सकते हैं जो पर्यटन कारोबार को रफ्तार देंगे लेकिन इसे धरोहर के रूप में नहीं सहेजा गया है। इसके विकास की मांग वर्षों से की जा रही है लेकिन ऐसा नहीं हो सका है, इससे यहां पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या लगातार घटना चिंता का विषय है।

भालू डैम का विकास होना चाहिए। इससे क्षेत्र के पर्यटन कारोबार को गति मिलेगी और कई जरूरतमंद युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। – दीपक पंत, व्यापारी।

पहले चौबटिया से भालू डैम तक रोपवे की मांग भी उठी थी। कुछ लोगों ने तीन किमी का ट्रैकिंग रूट निर्माण का सुझाव दिया था। – मनीष चौधरी, अध्यक्ष व्यापार मंडल।

यहां नए पर्यटक स्थल तो छोड़िए, पुराने स्थलों का भी विकास नहीं किया जा रहा है। यही कारण है कि पर्यटक कौसानी या नैनीताल चले जा रहे हैं। – राहुल बिष्ट छात्रसंघ अध्यक्ष, रानीखेत महाविद्यालय।

इस डैम को नैनीताल झील की तर्ज पर विकसित किया जा सकता है। इसके सौंदर्यीकरण से पर्यटन बढ़ता। – हिमांशु उपाध्याय, अध्यक्ष होटल एसोसिएशन।

भालू डैम की सफाई और पानी की आपूर्ति का कार्य एमईएस की तरफ से किया जाता है। आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण छावनी की तरफ से होता है। इसे विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे। –मनोज कुमार मोगरा, सहायक गैरीसन इंजीनियर एमईएस, रानीखेत।

# पिथौरागढ़ के शहद को हिमालयन शहद ब्रांड से बाजार में उतारेगी डाबर इंडिया




पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ में उत्पादित होने वाले शहद की ब्रांडिंग अब डाबर इंडिया कंपनी करेगी। उत्पादन हिमालयन शहद के नाम से बाजार में लाया जायेगा। इसके लिए कंपनी ने जिले के गंगासेरी गांव में पायलट प्रोजेक्ट शुरू कर दिया है।

कंपनी शहद उत्पादन के लिए तकनीकी ज्ञान और विभिन्न सामग्री शहद उत्पादकों को उपलब्ध करायेगी। सहयोगी संस्था कुर्मांचल सेवा समिति ने गंगासेरी और आसपास के छह गांवों को हनी कलस्टर के रूप में विकसित करने का खाका खींचा है। यह क्षेत्र जिले के शहद उत्पादक क्षेत्र के रूप में पहचान रखता है।

इस क्षेत्र के उत्पादित होने वाले शहद को अब डाबर कंपनी बाजार में उतारेगी। कंपनी ने गांव में शहद उत्पादकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया।

**दुनिया में तेजी से बढ़ रही आर्गेनिक शहद की मांग**

डाबर कंपनी के प्रधान वैज्ञानिक सुरेंद्र भगत ने कंपनी द्वारा सामुदायिक विकास के लिए देशभर में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश के साथ ही दुनिया भर में आर्गेनिक शहद की मांग तेजी से बढ़ रही है। उत्पादकों को अच्छा मुनाफा हो रहा है। हिमालयी क्षेत्र में शहद उत्पादन को बढ़ाने के लिए डाबर इंडिया ने ठोस पहल शुरू कर दी है।

# चंपावत के काश्तकारों की आजीविका का साधन बनेगी ब्रोकली



चंपावत। पौष्टिक गुणों से भरपूर और स्वादिष्ट सलाद के रूप में उपयोग होने वाली ब्रोकली अब जिले के काश्तकारों की आजीविका का साधन बनेगी। इसके लिए कृषि विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा काश्तकारों को उन्नत बीज उपलब्ध कराने के साथ उत्पादन का तकनीकि प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले में अभी गिने चुने क्षेत्रों में चुनिंदा काश्तकार ही ब्रोकली पैदा कर रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र की इस पहल से ब्रोकली का उत्पादन बढने् की उम्मीद है।

कृषि विज्ञान केंद्र की प्रभारी विज्ञानी डा. अमरेश सिरोही ने बताया कि कृषि विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र सुंई में विगत दस वषी से ब्रोकली का उत्पादन और प्रदर्शन किया जा रहा है। अनुसंधान का लाभ काश्तकारों तक पहुंचाने के लिए केंद्र की ओर से जिले के प्रगतिशील काश्तकारों को ब्रोकली उत्पादन का प्रशिक्षण देकर उन्हें पर्वतीय परिवेश में पैदा होने वाला बीज उपलब्ध कराया जा रहा है।

**ब्रोकली के सेवन से वजन में कमी**

बताया कि गोभी के मुकाबले ब्रोकली का वजन काफी कम होता है, जिसके चलते काश्तकार इसकी खेती की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानीय स्तर पर ब्रोकली की मांग बढ़ेगी तभी काश्तकार इसका उत्पादन बढाएंगे। इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से ब्रोकली के सेवन से होने वाले फायदों पर भी कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि ब्रोकली के एक फूल का अधिकतम वजन 400 ग्राम तक हो सकता है जबकि गोभी का वजन अमूमन डेढ़ से दो किलो या उससे अधिक हो सकता है। इससे काश्तकार ब्रोकली के बजाए फूल गोभी उगाना पसंद करते हैं।


ब्रोकली को बाजार न मिलना उत्पादन कमी की मुख्य वजह

पर्वतीय क्षेत्र में ब्रोकली को बाजार न मिलना भी उत्पादन में कमी की मुख्य वजह है। जबकि सलाद के तौर पर खाई जानी वाली ब्रोकली पौष्टिक गुणों से भी भरपूर है। इसमें मौजूद रसायन कैंसर से लड़ने का काम करते हैं। इसके अलावा कैल्सियम, फास्फोरस और आयरन की मात्रा भी इसमें भरपूर होती है। बताया कि सुंई रायनगर चौड़ी, कलीगांव, फोर्ती, कर्णकरायत, पाटन–पाटनी गांवों के काश्तकारों को ब्रोकली उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। चंपावत, बाराकोट एव पाटी ब्लाकों के विभिन्न गांवों में भी दर्जनों काश्तकारों को प्रशिक्षण दिया गया है।

**पालीहाउस में होता है अच्छा उत्पादन**

ब्रोकली का उत्पादन पालीहाउस में काफी अच्छा होता है। पालीहाउस के बाहर इसकी खेती करने का पूरा लाभ कास्तकारों को नहीं मिलता। पालीहाउस में यह डेढ़ से दो माह के भीतर खाने योग्य हो जाती है। इसका उत्पादन फूल गोभी की तरह ही होता है। पालीहाउस में साल भर में इसकी दो खेती की जा सकती हैं।

# पिथौरागढ़ की पहाड़ी पर स्थित है एक चमत्कारी मंदिर, श्री राम की मां ने किया था निवास



पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ नगर के पश्चिमी छोर पर हुड़ेती और गणकोट की चोटी पर मां कौशल्या देवी का मंदिर है। इस मंदिर के कौशल्या मंदिर नाम को लेकर अलग–अलग मान्यताएं हैं। कौशल्या देवी को चमत्कारी देवी माना जाता है। यहां पर लोगों की मनोकामना पूरी होती है। यूं तो कौशल्या देवी हुड़ेती के उप्रेती उपजाति के लोगों की कुलदेवी मानी जाती है। जो साल भर विभिन्न पर्वों पर धार्मिक अनुष्ठान करते रहते हैं। इसके अलावा इस मंदिर की विशेषता के चलते यहां भारी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। इस मंदिर में पशु बलि निषेध है।

**ये है मंदिर का इतिहास**

मंदिर के विषय में कहा जाता है कि अयोध्या के कौशल्य ऋषि जो राजा भी थे। वह मन की शांति के लिए हिमालय आए थे। लंबी यात्रा के बाद सोर पहुंचे। जहां पर गुफा में शरण ली। रात्रिकाल में स्वप्न में देवी ने अपने को भी गुफा में होना बताया। दूसरी सुबह कौशल्य ने जब गुफा के अंदर की तरफ देखा तो एक पत्थर में मां की आकृति दिखाई दी। इस स्थान पर उन्होंने पूजा–अर्चना शुरू कर दी। वहीं यह भी माना जाता है कि भगवान राम की माता कौशल्या कैलास मानसरोवर यात्रा के दौरान इस गुफा में रही थी। इधर इस वर्ष नवरात्र पर मंदिर में श्रीमद्भागवत का आयोजन किया जा रहा है।

**मंदिर की वास्तुकला है खास**

मंदिर आम पर्वतीय शैली का है। जिसमें कोई विशेष वास्तुकला नजर नहीं आती है। मंदिर में एक दिव्य करीब 30 मीटर लंबी गुफा है। जिसमें कौशल्या देवी मां भगवती के रूप में विराजमान है। मंदिर की स्थापना के समय बने मंदिर को ही बाद की पीढ़ियों ने स्थानीय वास्तु के अनुसार बनाया है।

**प्याज—लहसुन खाकर आना है वर्जित**

मां के दरबार में प्याज–लहसुन खाकर आना वर्जित है। चैत्र व शारदीय नवरात्र में यहां प्रतिदिन पूजा होती है। नवमी को विशेष पूजा–अर्चना के साथ भंडारे का प्रचलन रहा है। मां के दरबार में धूप, दीप जलाने मात्र से ही मनोकामना पूर्ण हो जाती है। –पं. प्रदीप उप्रेती, पुजारी

**कैसे पहुंचे**

कौशल्या मंदिर तक टनकपुर और हल्द्वानी से बस, टैक्सी आदि से पिथौरागढ़ पहुंचा जाता है। पिथौरागढ़ नगर में भी जीआइसी–सुकोली मार्ग में 3 किमी वाहन से चलकर 400 मीटर की खड़ी चढ़ाई चढ़कर मंदिर में पहुंचा जाता है।

# अल्मोड़ा—पिथौरागढ़ एनएच पर खतरे के बीच हो रहा है सफर



अल्मोड़ा–पिथौरागढ़ हाईवे पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इस सड़क से रोजाना बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं। पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा जिले से मरीजों को भी इसी सड़क से हल्द्वानी हायर सेंटर पहुंचाया जाता है। इसके बावजूद यह सड़क गड्ढा मुक्त नहीं हो पा रही है। नगर के बीचोबीच धारानौला में लंबे समय से सड़क बदहाल है। यहां करबला से एनटीडी तक सात किमी के दायरे में बने 50 से अधिक गड्ढे सरकारी तंत्र के खोखले दावों की पोल खोल रहे हैं। धारानौला बाजार, राजपुरा, दुगालखोला में सड़क की हालत बहुत खराब है। इन गड्ढों के बीच यात्री, पर्यटक और मरीज किसी तरह जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे हैं। लेकिन इस पर किसी की नजर नहीं पड़ रही है।

**कसारदेवी, चितई समेत विभिन्न पर्यटक स्थलों को जोड़ता है हाईवे**

अल्मोड़ा। यह हाईवे डोल आश्रम, चितई, कसारदेवी, जागेश्वर समेत विभिन्न पर्यटक स्थलों को जोड़ता है। इस सड़क से होते हुए हर रोज बड़ी संख्या में पर्यटक यहां के पर्यटन स्थल पहुंचते हैं। लेकिन सड़क की बदहाली के चलते उन्हें भी खासी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

**दो साल से फाइलों में दबा है प्रस्ताव**

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा–पिथौरागढ़ हाईवे पर पनार तक 80 किमी के दायरे में 10 से अधिक स्थानों पर सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हैं। इनके नवनिर्माण के लिए वर्ष 2021 में प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे अब तक स्वीकृति नहीं मिल सकी है। यह प्रस्ताव दो साल से सरकारी फाइलों में धूल फांक रहा है।

# मछली पालन में बागेश्वर कर रहा तरक्की, सुधर रही जिंदगियां





बागेश्वर। मछली पालन के क्षेत्र में जिला लगातार तरक्की कर रहा है। पारंपरिक खेती बाड़ी के साथ किसान आत्मनिर्भर बनने के लिए मछली पालन को अपना रहे हैं। कपकोट तहसील क्षेत्र के 10 गांवों में क्लस्टर बने हैं। 22 समितियों के माध्यम से 270 लोग मछली पालन कर आय अर्जित कर रहे हैं।

जिला बनने से पूर्व लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ कम पहुंचता था। अब सरकारी योजनाओं गांव पहुंच रही हैं। वर्ष में एक समिति की पांच से सात लाख रुपये की शुद्ध आय हो रही है।

**इन गांवों में हो रहा मछली पालन**

| गांव | कलस्टर | तालाब |
|---|---|---|
| जगथाना | 7 | 70 |
| बड़ेत | 3 | 30 |
| लीती | 2 | 20 |
| रमाड़ी | 2 | 20 |
| चचई | 2 | 20 |
| फरसाली | 2 | 20 |
| लीली | 1 | 10 |
| भनार | 1 | 10 |
| तीख | 1 | 10 |

**ट्राउट, पंगास, कार्प का उत्पादन जिले में**

हाइब्रिड ट्राउट, पंगास और कार्प मछली का उत्पादन हो रहा है। प्रतिवर्ष 270 क्विंटल कार्प, 90 क्विंटल ट्राउट और 40 क्विंटल पंगास पैदा हो रही है। अधिकतर मछलियां स्थानीय बाजार में बेची जा रही हैं। देहरादून की उत्तरा फिश शॉप में भी ट्राउट मछली भेजी जाती है।

**मत्स्य निरीक्षक ने कही ये बात**

वर्जन समितियों के माध्यम से मछली उत्पादन हो रहा है। पैदावार और विपणन में आपसी सहयोग भी करते हैं। कपकोट में चार समितियां और बनाई जाएंगी।

विभाग मछली पालकों को हर संभव सहयोग दे रहा है। भविष्य में अधिकाधिक लोगों को मछली पालन से जोड़ा जाएगा।

**—मनोज मियान, मत्स्य निरीक्षक, बागेश्वर**

# विद्यार्थियों ने किया रावण के पुतले का दहन


डीएवी पब्लिक स्कूल में रामलीला का मंचन करते कलाकार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में दशहरा और नवरात्रि के अवसर पर छात्रों ने रामलीला मंचन किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने रावण के पुतले का दहन करते हुए भगवान राम के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम सातवीं कक्षा के छात्रों ने दुर्गा स्तोत्र का पाठ किया। तत्पश्चात लीला का मंचन किया गया। लीला में छात्रों ने राम जन्म, सीता स्वयंवर, राम वनवास, राम-हनुमान मिलन, सीता खोज सहित राम-रावण युद्ध का मंचन किया। इस दौरान छात्रों ने अपने दमदार अभिनय से उपस्थित लोगों को बांधे रखा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिसर में रावण दहन किया गया। प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने छात्रों से भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## पूर्व राज्यपाल आज करेगें बद्रीनाथ के दर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड भगत सिंह कोश्यारी रविवार को जनपद चमोली के भ्रमण पर रहेगें। भ्रमण कार्यक्रम के तहत पूर्व राज्यपाल रविवार को देहरादून से प्रस्थान कर प्रातः 10.15 बजे बद्रीनाथ पहुंचकर श्री बद्रीनाथ दर्शन एवं पूजा करेंगे। इसके बाद प्रातः 10:50 बजे प्रथम गांव माणा पहुंचकर स्वर्गारोहिणी मार्ग पर पांच पांडव तथा महारानी द्रौपदी की मूर्ति स्थापना, स्वर्गारोहिणी द्वार के उद्घाटन एवं विश्व शांति घंटी स्थापना समारोह में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद बद्रीनाथ हेलीपैड से 11:40 बजे देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे।

# महिलाओं ने किया शराब की दुकान खोले जाने का विरोध

## कुंभीचौड़ क्षेत्र के अंतर्गत विशनपुर में खोली जा रही शराब की दुकान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कुंभीचौड़ क्षेत्र के अंतर्गत विशनपुर में शराब की दुकान खोले जाने के विरोध में महिलाओं ने प्रदर्शन किया। महिलाओं ने जल्द दुकान को अन्यत्र शिफ्ट नहीं करवाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

शनिवार को महिलाओं ने विशनपुर में प्रस्तावित दुकान के समीप पहुंचकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने आबकारी विभाग के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। इस दौरान महिलाओं व दुकान किराए पर देने वाले के बीच भी काफी बहस हुई। महिलाओं ने दुकान स्वामी से अपनी दुकान शराब की दुकान न खुलवाने के लिए देने की अपील की। आक्रोशित महिलाओं ने जल्द शराब की दुकान नहीं हटाने पर आंदोलन को तेज करने की बात कही। महिलाओं के आक्रोश को देखते हुए शनिवार को पूरे दिन दुकान बंद रखी गई। इससे पूर्व शुक्रवार को भी महिलाओं ने मौके पर पहुंचकर दुकान को बंद करवाया था। इस मौके पर मीनाक्षी देवी, पिंकी रावत, ज्योति रावत, सीमा नेगी आदि मौजूद रहे।

# राम-भरत मिलाप की लीला देख भावुक हुए दर्शक

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पौड़ी रामलीला में राम-भरत मिलाप, सुपर्नखा नृत्य, लक्ष्मण-सुपर्नखा संवाद और सीता हरण का मंचन किया गया। राम भरत मिलाप मंचन को देख लीला देख रहे दर्शक भाव विभोर हो गए।रामलीला मंचन की छठवीं संध्या पर भरत का चित्रकूट प्रस्थान, राम-भरत मिलाप, राम का पंचवटी प्रस्थान, पंचवटी में सीता को प्यास लगना, राम, लक्ष्मण, सीता का अत्रिमुनि से भेंट, सुपर्णखा की नाक कटना, खर दूषण वध, रावण सुपर्णखा संवाद, रावण मारीच संवाद, सीता हरण और जटायू मरण जैसे दृश्यों ने रामलीला का आकर्षण बनाएं रखा। राम को रिझाने के प्रसंग में सुपर्णखा का नृत्य और अभिनय ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। सूपर्णखा की भूमिका में मोनिका, मारीच की भूमिका दीपक डोभाल, अत्री मुनि गोपाल नेगी और अनसूया की भूमिका सोनम ने निभाई। रावण की भूमिका में जगत किशोर बर्थवाल का अभिनय भी जोरदार रहा। रामलीला समिति ने दशहरा उत्सव की तैयारियां शुरू कर दी।रावण के विशालकाय पुतले का निर्माण किया गया है। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम, नागरिक मंच रघुवीर सिंह रावत, मनवीर रावत, सभासद अनीता रावत आदि भी मौजूद रहे।

## अवैध प्लॉटिंग का काम रोका

देहरादून। मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की टीम ने शुक्रवार को राजावाला डाकपत्थर में चार बीघा, केसरबाग बाबूगढ़ विकासनगर में एक जगह छह बीघा, दूसरी जगह 8 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग का काम रुकवाया गया। चकराता रोड पर यमुना कॉलोनी के समीप अवैध रूप से किए जा रहे कमर्शियल निर्माण को सील किया गया।

# प्रमुख सचिव प्रधानमंत्री पीके मिश्रा ने किए बाबा केदार के दर्शन

## केदारनाथ में चल रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रमुख सचिव प्रधानमंत्री भारत सरकार पीके मिश्रा के एक दिवसीय केदारनाथ भ्रमण में पहुंचे। वीआईपी हैलीपैड़ में जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर समिति एवं तीर्थ पुरोहित समाज ने परंपरागत मंत्रोच्चारण एवं रुद्राक्ष की माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर में प्रवेश कर बाबा श्री केदारनाथ का रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना कर समस्त देशवासियों की खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की।

प्रमुख सचिव प्रधानमंत्री भारत सरकार पीके मिश्रा, प्रधानमंत्री के सलाहकार अमित खरे, मुख्य सचिव उत्तराखंड सरकार एसएस संधु, उप सचिव पीएमओ मंगेश घिल्डियाल, पर्यटन विभाग उत्तराखंड सरकार के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) भास्कर खुल्बे, पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे शनिवार सुबह करीब 9 बजे वायु सेना के हेलिकॉप्टर से वीआईपी हैलीपैड पर पहुचें। जिसके बाद उन्होंने मंदिर में प्रवेश कर धर्मपत्नी के साथ बाबा केदारनाथ का रूद्राभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना कर समस्त विश्व एवं जन कल्याण की कामना की। करीब 30 मिनट की पूजा अर्चना के बाद उन्होंने केदारपुरी में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

इसी बीच उन्होंने तीर्थ पुरोहित समाज से मुलाकात कर केदारनाथ धाम के विकास कार्यों के लिए उनके सुझाव लिए एवं समस्याएं भी सुनी। सर्वप्रथम उन्होंने मुख्य सचिव से केदारपुरी में बने पुराने एवं नए आवासों की बनावट एवं क्षमता की जानकारी ली। जिसके बाद उन्होंने ईशानेश्वर मंदिर एवं भीम शिला के दर्शन किए। इस दौरान मुख्य सचिव ने उन्हें आपदा के समय भीम शिला ने कैसे मंदिर की रक्षा की यह जानकारी दी। इसके पश्चात् उन्होंने शंकराचार्य समाधि के दर्शन कर निर्माणाधीन शिव उद्यान का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली। श्री केदारनाथ मंदिर परिसर के समाने बन रहे भवनों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने संबंधित एजेंसियों एवं जिलाधिकारी से भवनों का उद्देश्य पूछा, वहीं सभी एजेंसियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी को भवनों के अधिग्रहण में तेजी लाते हुए गोल चबूतरे से मंदिर परिसर तक कॉरिडोर का कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने रेन शेल्टर, मंदाकिनी एवं सरस्वती नदियों के घाट पर चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए पूरे क्षेत्र में क्या व्यवस्थाएं और सुविधा दी जाएगी उसकी जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों को निर्माण कार्यों में इस्तेमाल हो रही सामग्री की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। वहीं उन्होंने निर्माण कार्यों में जुटे मजदूरों एवं कर्मचारियों का ध्यान रखने एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर एडीएम बीर सिंह बुदियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी केडीए योगेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा, सीओ विमल रावत, कार्यकारी अधिकारी आरसी तिवारी, एसएचओ केदारनाथ मंजुल रावत, केदार सभा के राजकुमार तिवारी समेत अन्य तीर्थ पुरोहित, अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

**50 साल बाद पहुचें केदारनाथ**

प्रमुख सचिव प्रधानमंत्री भारत सरकार पीके मिश्रा ने अपना अनुभव साझा करते कहा कि वह करीब 50 साल बाद श्री केदारनाथ धाम में दर्शनों को पहुंचे हैं। अपनी पिछली यात्रा के दौरान उन्होंने पैदल यात्रा कर केदार घाटी का अनुभव लिया था। उन्होंने कहा कि पिछले 50 सालों में केदार घाटी में बड़े परिवर्तन हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यहां बाबा केदारनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करना सौभाग्य की बात है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, मुरादाबाद मंडल ने पथरी रेलवे स्टेशन पर/उसके पास गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल के विकास के लिए निविदा आमंत्रित करने की सूचना (एनआईटी) प्रकाशित की है।

| क्रम संख्या | स्टेशन | प्रोजेक्ट कॉस्ट | अर्नेस्ट मनी डिपाजिट | कॉस्ट ऑफ टेंडर डॉक्युमेंट GST सहित | प्रे बिड कांफ्रेंस डेट एवं टाइम | निविदा पत्र जमा करने की तारीख व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Pathri (PRI) | Rs. 20,13,13,147.82 | Rs. 2,01,31,400 | Rs. 11,800 | 31.10.2023 at 11.00 am | 06.12.2023 |

3299/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# आयोडीन की कमी से होने वाले रोगों के प्रति किया जागरूक



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : विश्व आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण दिवस के मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में जनपद में आयोजित कार्यक्रमों में आयोडीन युक्त नमक के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। वहीं, आयोडीन की कमी से होने वाले रोगों के प्रति आगाह करते हुए जरूरी उपायों के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में आयोजित गोष्ठी में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार ने बताया कि आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों से बचाव के लिए जनजागरूकता के दृष्टिगत हर वर्ष 21 अक्टूबर को विश्व आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं व शिशुओं के लिए आयोडीन जरूरी पोषक तत्वों में से एक है। आयोडीन की कमी से घेंघा, गर्भवती महिलाओं में गर्भपात, नवजात शिशुओं में वजन कम होना, शिशु का मृत पैदा होना, शिशुओं में आयोडीन की कमी से शारीरिक एवं बौद्धिक विकास संबंधी समस्याएं जैसे मस्तिष्क का विकास धीमा होना, शरीर का कम विकसित होना, बौनापन, देर से यौवन आना, सुनने व बोलने में समस्याएं एवं समझ की कमी आदि समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने आयोडीन की कमी को दूर करने के लिए भोजन में आयोडीन युक्त नमक के सेवन पर जोर देते हुए आयोडीन नमक के सेवन से होने वाले फायदों के बारे में वस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही आयोडीन नमक के उपयोग व रखरखाव की जानकारी देते हुए कहा कि आयोडीन नमक को हवा बंद डिब्बे में रखें, नमक को नमी से बचाएं एवं आग के पास न रखें। साथ ही कहा कि नमक को मिट्टी के वर्तन में नहीं रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आयोडाइज्ड नमक हीट के संपर्क में आने से उड़ जाता है। सलाह दी कि दाल-सब्जी बनाने के पकाने के बाद आयोडाइज्ड नमक डालें व उस बर्तन को ढक कर रख दें, ताकि आयोडीन उड़ न सके और बर्तन में ही रहे। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु नौडियाल, पवन कुमार, दीपक नौटियाल, सुमन जुगराण, अशोक नौटियाल, डॉ. मनवर सिंह रावत, विपिन सेमवाल, नागेश्वर बगवाड़ी, मुकेश नेगी, आशीष उनियाल, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## सीजेएम हैंपटन कोर्ट स्कूल पूर्व छात्र संघ की बैठक में समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया

देहरादून। सीजेएम हैंपटन कोर्ट स्कूल के पूर्व छात्रों ने ने रियूनियन का आयोजन किया। इसमें पूर्व छात्रों ने अपने स्कूल के दिनों को याद किया। साथ ही स्कूल एवं पूर्व छात्रों के समन्वयक को सशक्त करने पर जोर दिया। पूर्व छात्रों ने कहा कि विद्यालय के विकास में हर संभव योगदान करते रहें। इस मौके पर राज बिजलवाण एवं राघव बिजलवाण ने संघ के न्यूजलैटर जारी किया। जिसके प्रथम संस्करण में स्कूल के कार्यक्रमों में पूर्व छात्रों की सहभागिता को प्रस्तुत किया गया।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उ0रे0, मुरादाबाद, भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक व्यक्तियों से स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट हेतु आवेदन पत्र –

| | |
|---|---|
| क्रम संख्या | 1 |
| मुरादाबाद मण्डल के NSG-6, रेलवे स्टेशनों पर, कम्प्यूटर द्वारा अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए स्टेशन टिकट बुकिंग ऐजेंट का ठेका किये जाने हेतु निविदा पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। स्टेशनों के नाम इस प्रकार है– टोडरपुर, बाबूगढ़, महरौली, कुचेसररोड, दलपतपुर, मुढ़ापाण्डे, उम्रताली, करना, मसीत, रामगंगाब्रिज, खरखौदा, पुरैनी, मिलक, बाँगरमऊ मिश्रिकतीर्थ, माधौगंज, मल्लाँवा, हरथला, बंथरा, मछरिया, जरगाँव | |
| कार्यकाल | तीन व (03) |
| धरोहर राशि | NSG-6 धरोहर राशि रू 2000/– |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | प्रत्येक स्टेशन के लिए निविदा पत्र का मूल्य रू0 1180/– |
| स्थान का नाम व पता जहां से निविदा पत्र प्राप्त किये जायेंगे। वाणिज्य शाखा, मण्डल रेल प्रबंन्धक कार्यालय, उ0रे0, मुरादाबाद से दिनांक 21.11.2023 को 17.00 बजे तक | |
| निविदा पत्र जमा करने का समय एवं तिथि तथा निविदा खुलने की तिथि एवं समय : निविदा फार्म को जमा करने की तिथि 22.11.2023 को 10.00 बजे से 14.00 बजे तक तथा खुलने की तिथि उसी दिन 15.00 बजे से। | |
| रेलवे की वेबसाइट का नाम जिससे पूर्ण नियम व शर्तें तथा निविदा का प्रारूप पत्र पर देखा व डाउनलोड किया जा सके। www.nr.indianrailways.gov.in वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उ0रे0, मुरादाबाद का कार्यालय का सूचनापट। | |
| निविदा सूचना संख्याः– 1–एस0टी0बी0ए0–पोलिसी–2016 सी, दिनांक 20.10.2023 | |

3274/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# मसूरी इंटर नेशनल वार्षिकोत्सव में आर्केस्ट्रा ने जमाया रंग

देहरादून। मसूरी इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव में वाद्ययंत्रों की गूंज ने रंग जमाया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। समापन कार्यक्रम में भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ नेहा जोशी और प्रधानाचार्या मीता शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमो का शुभारभ सर्वधम प्रार्थना से किया गया। पारंपरिक नृत्यों में भारत की सांस्कृतिक विरासत का मनमोहक प्रदर्शन किया। अपनी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। प्रधानाचार्या मीता शर्मा ने शैक्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यालय ने अकादमिक, खेल, संस्कृति, व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# 27 को तहसीलदार सुनेगें गामीणों की समस्याएं

जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत तहसीलदार रुद्रप्रयाग राम किशोर ध्यानी आगामी 27 अक्टूबर को विकासखंड अगस्त्यमुनि के ककोड़ाखाल गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर ग्रामीणों की समस्याओं का निदान करेंगे। इसके साथ ही ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी से भी अवगत कराएंगे। तहसीलदार राम किशोर ध्यानी ने बताया कि ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित करने के साथ ही ग्राम के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा निर्मित अथवा निर्माणाधीन योजनाओं की जानकारी प्रधानमंत्री आवास योजना मनरेगा, जल संस्थान, जल निगम, विद्युत, खाद्यान्न, स्वास्थ्य, बाल विकास, लोनिवि, पीएमजीएसवाई के मोटर मार्ग, दैवीय आपदा, समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न पेंशन आदि पर भी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक प्रातः 11 बजे से आयोजित की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्धारित तिथि व समय पर आयोजित बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे जुड़वा पुत्र आकाश और सागर का जन्म 10/07/2014 में राजकीय अस्पताल कोटद्वार में हुआ था। मेरे पुत्रों के जन्म प्रमाण पत्र में उनका नाम आर्दश एवं वंश तथा मेरा नाम सीमा अंकित हो गया है, जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्रों का सही व वास्तविक नाम आर्दश एवं वंश तथा मेरा नाम नसीमा है।

अतः मेरे पुत्रों के जन्म प्रमाण पत्र में उनका सही व वास्तविक नाम आर्दश एवं वंश तथा मेरा नाम नसीमा अंकित कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए।

**नसीमा पत्नी रफीक अहमद**
**निवासी झूलापुल, झूलाबस्ती,**
**तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी**
**गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(1405/21)


# रावण ने किया सीता का हरण



श्रीनगर गढ़वाल : श्री आदर्श रामलीला समिति के तत्वाधान में चल रही रामलीला के छठवें दिन सूर्पणखा लीला व सीता हरण लीला का भव्य मंचन किया गया। मंचन के दौरान पंचवटी में सूर्पणखा राम, लक्ष्मण को लुभाने आती है, जब वो अपनी हद पार कर देती है तो लक्ष्मण द्वारा क्रोधित होकर उसकी नाक काट दी जाती है। नाक कटने के बाद सूर्पणखा अपने भाइयों खर, दूषण के पास जाती है। खर और दूषण राम से युद्ध करने जाते हैं, लेकिन युद्ध में मारे जाते हैं। सूर्पणखा फिर रावण को अपनी व्यथा सुनाती है और उसे सीता का हरण करने के लिए उकसाती है। रावण मारीच की मदद से षडयंत्र रचता है और सीता का हरण कर लेता है। रास्ते में जटायु उसे रोकता है, लेकिन रावण उसे घायल कर लंका की ओर आगे बढ़ जाता है। दर्शकों ने देर रात तक रामलीला का आनंद उठाया। मंच संचालन वीरेंद्र रतूड़ी ने किया। संगीत में पंकज, अनिरुद्ध, राघव जोशी, शिवलाल, डा. संजय पांडे ने संगत दी। डॉ. अलका पांडेय, विजय मोहन उनियाल, टीसी थपलियाल आदि कलाकारों अपने अभिनय प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोहा। मौके पर नगर के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णानंद मैठाणी, जयदेव सडाना, परवीन अग्रवाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)


**कार्यालय- नगर पंचायत, सुल्तानपुर आदमपुर (हरिद्वार)**

ई-मेलः-eonp.sultanpuradhanpur@gmail.com

पत्रांक - 373 /न0पं0सु0आ0/2023-24 — दिनांक- 21/10/2023

**निविदा सूचना**

नगर पंचायत, सुल्तानपुर आदमपुर के द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वें वित्त आयोग व अन्य निधि से प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्य कराये जाने के लिए दिनांक 09/11/2023 अपरान्ह 02 बजे को निविदा आमंत्रित की जाती है, जो तद्दिनांक को अपरान्ह 03 बजे निर्धारित समिति द्वारा खोली जायेगी। सभी इच्छुक ठेकेदार/फर्मदाता दिनांक 25/10/2023 से 07/11/2023 तक निर्धारित शुल्क जमा कर निविदा प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त कर सकते है निविदा सम्बन्धित विस्तृत जानकारी के लिए किसी कार्यदिवस पर कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है, एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को सुरक्षित होगा।

| क्र0सं0 | कार्य/सामग्री का विवरण |
|---|---|
| 01 | नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर की ठोस अपशिष्ट प्रबन्धक की डी0पी0आर0। |
| 02 | निकाय के तालाब ढाब की जीर्णोद्धार/सौन्दर्यकरण कराये जाने की डी0पी0आर0। |
| 03 | निकाय के ईस्माइलपुर रोड़ पर मार्किट कॉम्पलैक्स बनाये जाने की डी0पी0आर0। |
| 04 | निकाय के विभिन्न स्थानों पर नालियों के चैनलों का निर्माण कार्य। |
| 05 | निकाय की सरकारी बिल्ड़िंग की वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य। |
| 06 | निकाय में सफाई सम्बन्धित कार्य व अन्य कार्यों के लिए J.C.B. मय ड्राईवर, मय ईंधन प्रति घण्टे की दर। |
| 07 | अलीचौक पर स्थित सार्वजनिक शौचालय का जीर्णोद्धार/मरम्मत का कार्य। |
| 08 | शिव मंदिर के पास सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य। |
| 09 | बाजार वाले मदरसे में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य। |
| 10 | प्राथमिक विद्यालय के पास सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य। |
| 11 | ट्रेचिंग ग्राउण्ड में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य। |
| 12 | रविदास मन्दिर के सामने वाले बारात घर में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य। |
| 13 | 'खुदान' तालाब की सफाई। |
| 14 | 'छापड़' एवं बागनो' तालाब की सफाई। |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, सुल्तानपुर आदमपुर**
**जनपद-हरिद्वार।**

**प्रशासक**
**नगर पंचायत, सुल्तानपुर आदमपुर**
**जनपद-हरिद्वार।**

# ज्यादा पानी पीने से हो सकती है यह गंभीर बीमारी, जानें इसके बारे में सबकुछ

पानी पीना शरीर के लिए बेहद जरूरी है लेकिन हद से ज्यादा पानी पीना नुकसानदायक भी हो सकता है. सबसे हैरानी की बात यह है कि ज्यादा पानी पीना इतना ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है कि आपकी जान भी जा सकती है. ज्यादा पानी पीने से वॉटर टॉक्सिसिटी की बीमारी हो सकती है. इस आर्टिकल में जानेंगे वॉटर टॉक्सिसिटी क्या है? इसके लक्षण क्या होते हैं? साथ ही साथ यह भी जानेंगे कि कैसे इससे बच सकते हैं. वॉटर टॉक्सिसिटी काफी ज्यादा पानी पीने के कारण होता है. इस बीमारी में किडनी में पानी जमा होने लगता है. जिसके कारण ब्लड में सोडियम जमने लगता है. जिसके कारण शरीर को पानी पचाने में दिक्कत होने लगती है. जो आगे जाकर कई परेशानियां खड़ी करती है.



**वॉटर टॉक्सिसिटी के शुरुआती लक्षण**

वॉटर टॉक्सिसिटी को ऐसे समझे जैसे शरीर को काफी ज्यादा पानी मिल जाता है. जिसके कारण ओवर हाइड्रेशन हो जाता है. ऐसे में क्या होता है कि शरीर एक टाइम के बाद पानी ऑब्सर्व नहीं कर पाता. जिसकी वजह से पानी बाहर निकलने की कोशिश करता है.

ओवर हाइड्रेशन के कारण शरीर में थकावट, सुस्ती और कम एनर्जी महसूस होने लगती है.

सिरदर्द के साथ–साथ शरीर दर्द की परेशानी भी होती है.

जी मिचलाना के साथ–साथ उल्टी महसूस होना

**टॉयलेट के लिए बार–बार जाना**

इस बीमारी से बचना है तो इन टिप्स को करना होगा फॉलो

वॉटर टॉक्सिसिटी से बचना है तो आपको करना होगा ये काम

आपने एक्सरसाइज के दौरान ज्यादा पानी पी लिया है तो आपको इलेक्ट्रोलाइट्स पीना चाहिए.

इलेक्ट्रोलाइट्स के साथ–साथ आपको फलों का जूस और नारियल पानी पीना चाहिए.प्यास लगने पर एक साथ ढेर सारा पानी पीना भी सही नहीं होता है

**शरीर के हिसाब से ही पानी पिएं**

एक दिन में कितना पानी शरीर के लिए है जरूरी

एक्सपर्ट के मुताबिक एक दिन में तीन लीटर पानी ठीक है. लेकिन आपको अपने शरीर को भी देखना है. अगर आपका शरीर ऐसा है कि आप 3 लीटर पी सकते हैं तो तभी पिएं. अगर इतना पानी पीना संभव नहीं है तो इससे जबरदस्ती न करें. एक साथ पानी पीने के बजाय आराम–आराम से पानी पीना ज्यादा सही होता है. यह आपकी सेहत को नुकसान भी नहीं पहुंचाएगा.

# आप पर मुकदमा हुआ तो क्या होगा?

**एजेंसियों के अलावा एक अहम भूमिका चुनाव आयोग की होगी। चुनाव आयोग के लिए भी यह बिल्कुल नया मामला है। चुनाव आयोग को पार्टियों की मान्यता रद्द करने और नाम, चुनाव चिन्ह आदि सीज करने का अधिकार है। अगर पार्टियों की मान्यता की बात करें तो जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 29ए के तहत चुनाव आयोग को पार्टियों के पंजीकरण का अधिकार है। लेकिन पंजीकरण रद्द करने का अधिकार सिर्फ तीन ही स्थितियों में है। पहली स्थिति तो यह है कि पार्टी ने अपना पंजीकरण फर्जी दस्तावेजों या दूसरे गलत साधनों का इस्तेमाल करके हासिल किया हो। दूसरी स्थिति यह है कि पार्टी संविधान में विश्वास न करे और उसमें वर्णित समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के सिद्धांत को न माने या भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता में विश्वास न करे। तीसरी स्थिति है कि भारत सरकार गैरकानून गतिविधि रोकथाम कानून यानी यूएपीए या इस तरह के किसी दूसरे कानून के तहत किसी पार्टी को गैरकानूनी ठहरा दे तो चुनाव आयोग उसकी मान्यता रद्द कर देगा। लेकिन इस मामले में यह तीनों स्थितियां नहीं दिख रही हैं।जहां तक चुनाव चिन्ह और पार्टी का नाम सीज करने का मामला है तो इलेक्शन सिम्बल्स (रिजर्वेशन एंड अलॉटमेंट) ऑर्डर की धारा 16ए के तहत कुछ नियम तय किए गए हैं और उन्हीं स्थितियों में चुनाव आयोग किसी पार्टी का नाम या चुनाव चिन्ह सीज कर सकता है। इसके मुताबिक अगर कोई पार्टी चुनाव आचार संहिता का पालन नहीं करती है या चुनाव आयोग की ओर से दिए गए निर्देशों का पालन नहीं करती है तो उसका नाम और चुनाव चिन्ह सीज किया जा सकता है।**

**अजीत द्विवेदी**

भारतीय राजनीति का एक नया अध्याय खुलने वाला है। सीबीआई और ईडी दोनों एजेंसियों ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि वो दिल्ली के शराब नीति घोटाले में आम आदमी पार्टी पर भी मुकदमा करने के बारे में विचार कर रही हैं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने ही यह सवाल उठाया था कि जब शराब नीति में हुए कथित घोटाले से प्राप्त पैसे का इस्तेमाल पार्टी ने किसी राज्य के चुनाव में किया है तो पार्टी को आरोपी क्यों नहीं बनाया गया है? उसके बाद से ही इसका इंतजार हो रहा है कि कब दोनों एजेंसियां सबसे कम समय में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने वाली आम आदमी पार्टी पर मुकदमा करती हैं। सवाल है कि अगर केंद्रीय एजेंसियों ने आप के खिलाफ मुकदमा किया तो क्या होगा? इस बारे में कानूनी स्थिति का एक पहलू है लेकिन उससे बड़ा पहलू राजनीतिक है। यह पंडोरा बॉक्स खुलने की तरह होगा। आज तक किसी पार्टी के खिलाफ धन शोधन के मामले में कार्रवाई नहीं हुई है। अगर एक पार्टी के के खिलाफ धन शोधन का मुकदमा दर्ज होता है और कार्रवाई होती है तो देश की तमाम पार्टियों के लिए वह खतरे की घंटी होगी। यह एक शुरुआत होगी, जिसका अंत कहां होगा यह किसी को पता नहीं है। अगर केंद्रीय एजेंसी धन शोधन की जांच करेगी तो राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टियों के पास जो एजेंसी होगी वह विरोधी पार्टियों के खिलाफ उसका इस्तेमाल करेगी।

आम आदमी पार्टी के ऊपर धन शोधन निरोधक कानून यानी पीएमएलए के तहत मुकदमा हुआ तो क्या क्या संभावना है उस पर विचार करने से पहले यह जानना दिलचस्प होगा कि इससे कब ऐसी स्थिति आई थी और कैसे उसे टाला गया था। दिल्ली हाई कोर्ट ने 2014 में एक फैसला दिया था, जिसमें उसने भाजपा और कांग्रेस दोनों को विदेशी चंदा नियमन कानून यानी एफसीआरए के उल्लंघन का दोषी पाया था। 1976 में बने एफसीआरए कानून के उल्लंघन का दोषी पाए जाने का मतलब हुआ कि इन दोनों पार्टियों ने 1976 से जो विदेशी चंदा लिया था, उसकी जांच होती और इन दोनों के खिलाफ कार्रवाई होती। लेकिन 2018 में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने कानून में संशोधन कर दिया, जिससे राजनीतिक दलों को मिलने वाला विदेशी चंदा जांच के दायरे से बाहर हो गया। इस तरह भाजपा और कांग्रेस के साथ साथ बाकी सभी पार्टियों की मुश्किल या संभावित मुश्किल समाप्त हो गई। लेकिन उस तरह का कोई काम अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को बचाने के लिए नहीं होगा।



तभी सवाल है कि मुकदमा हुआ तो आम आदमी पार्टी का क्या होगा और क्या मुकदमे का असर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर भी होगा? इन दोनों सवालों के जवाब बहुत महत्व के हैं। वैसे तो किसी भी पार्टी के खिलाफ इस तरह के आपराधिक मुकदमे की मिसाल नहीं है। इसलिए जो भी होगा वह मिसाल बनाने वाला होगा। इससे या तो पार्टियों के खिलाफ मुकदमा चलाने का रास्ता हमेशा के लिए बंद हो जाएगा या सबके लिए खुल जाएगा। इसमें धन शोधन कानून की धारा 70 की व्याख्या सबसे अहम होगी। पीएमएलए कानून की धारा 70 में कंपनियों की गड़बड़ी की जांच का प्रावधान है। लेकिन राजनीतिक दल और कंपनी दोनों अलग अलग चीजें हैं। जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 29ए के मुताबिक एक संगठन या भारत के कुछ नागरिकों के समूह को चुनाव आयोग राजनीतिक दल के तौर पर मान्यता दे सकता है। सो, राजनीतिक दल कंपनी की परिभाषा में फिट नहीं होते हैं। कंपनी एक्ट 2013 के मुताबिक जिस आधार पर कंपनियों का गठन होता है वह राजनीतिक दल से अलग है। तभी जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 29ए की व्याख्या सबसे अहम है। कई कानूनी जानकार मान रहे हैं कि 'एसोसिएशन ऑफ इंडीविजुअल्स' यानी व्यक्तियों के समूह को राजनीतिक दल की मान्यता दी जाती है और कंपनी एक्ट में भी 'फर्म या अदर एसोसिएशन ऑफ इंडीविजुअल्स' का जिक्रहै। इस आधार पर ईडी राजनीतिक दल को भी जांच के दायरे में ला सकती है।

एजेंसियों के अलावा एक अहम भूमिका चुनाव आयोग की होगी। चुनाव आयोग के लिए भी यह बिल्कुल नया मामला है। चुनाव आयोग को पार्टियों की मान्यता रद्द करने और नाम, चुनाव चिन्ह आदि सीज करने का अधिकार है। अगर पार्टियों की मान्यता की बात करें तो जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 29ए के तहत चुनाव आयोग को पार्टियों के पंजीकरण का अधिकार है। लेकिन पंजीकरण रद्द करने का अधिकार सिर्फ तीन ही स्थितियों में है। पहली स्थिति तो यह है कि पार्टी ने अपना पंजीकरण फर्जी दस्तावेजों या दूसरे गलत साधनों का इस्तेमाल करके हासिल किया हो। दूसरी स्थिति यह है कि पार्टी संविधान में विश्वास न करे और उसमें वर्णित समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के सिद्धांत को न माने या भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता में विश्वास न करे। तीसरी स्थिति है कि भारत सरकार गैरकानून गतिविधि रोकथाम कानून यानी यूएपीए या इस तरह के किसी दूसरे कानून के तहत किसी पार्टी को गैरकानूनी ठहरा दे तो चुनाव आयोग उसकी मान्यता रद्द कर देगा। लेकिन इस मामले में यह तीनों स्थितियां नहीं दिख रही हैं।

जहां तक चुनाव चिन्ह और पार्टी का नाम सीज करने का मामला है तो इलेक्शन सिम्बल्स (रिजर्वेशन एंड अलॉटमेंट) ऑर्डर की धारा 16ए के तहत कुछ नियम तय किए गए हैं और उन्हीं स्थितियों में चुनाव आयोग किसी पार्टी का नाम या चुनाव चिन्ह सीज कर सकता है। इसके मुताबिक अगर कोई पार्टी चुनाव आचार संहिता का पालन नहीं करती है या चुनाव आयोग की ओर से दिए गए निर्देशों का पालन नहीं करती है तो उसका नाम और चुनाव चिन्ह सीज किया जा सकता है।

इस कानून में किसी पार्टी के किसी गैरकानूनी गतिविधि में शामिल होने पर कार्रवाई का कोई जिक्र नहीं है। सो, अगर आम आदमी पार्टी के ऊपर पीएमएलए के तहत मुकदमा होता है और यहां तक की सजा भी हो जाती है तब भी चुनाव आयोग के लिए कार्रवाई मुश्किल होगी। हां, यह हो सकता है कि यह नया मामला सामने आने के बाद केंद्र सरकार जन प्रतिनिधित्व कानून और चुनाव चिन्ह वगैरह से जुड़े कानून में कुछ बदलाव करे। अगर कानून बदल कर आम आदमी पार्टी पर कार्रवाई होती है तो वह भी एक नजीर बनेगी।

अंत में सबसे अहम सवाल है कि क्या पार्टी के मुखिया के ऊपर भी इस मामले में कार्रवाई हो सकती है? ध्यान रहे चार अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने सवालिया लहजे में कहा था कि ईडी के केस के मुताबिक अवैध कमाई का लाभार्थी राजनीतिक दल है, मनीष सिसोदिया नहीं हैं फिर क्यों नहीं पार्टी को आरोपी बनाया गया? तभी से इस बात पर विचार हो रहा है कि क्या अगर पार्टी को आरोपी बनाया जाता है तो मनीष सिसोदिया आरोप मुक्त हो जाएंगे? कानूनी जानकारों के मुताबिक ईडी चाहे तो आप और सिसोदिया दोनों पर मुकदमा चला सकती है। अब पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की स्थिति देखें। वे पार्टी के मुखिया हैं और अगर ईडी पार्टी को आरोपी बनाती है और यह आरोप लगाती है कि शराब नीति घोटाले से हुई अवैध कमाई का इस्तेमाल पार्टी ने राजनीतिक गतिविधियों में किया तो पार्टी के प्रमुख के तौर पर केजरीवाल जांच के दायरे में आएंगे। इस तरह से भारतीय राजनीति का एक नया अध्याय खुल सकता है, जिसका पटाक्षेप कैसे होगा, यह किसी को अंदाजा नहीं है।

# बाइडेन के लिए बाधा बन रही इजराइल की जंग

**श्रुति व्यास**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन मध्य–पूर्व में घिर आए संकट के बादलों को जबरदस्त गंभीरता से ले रहे हैं। यहां तक कि वे अपने देश की समस्याओं को परे खिसकाकर इजराइल पहुंच गए हैं और फिलहाल शायद यूक्रेन–रूस युद्ध के बारे में सोच भी नहीं रहे हैं।

लेकिन जिस समय वे टकर-ाव कम करने के अपने मिशन को हासिल करने के लिए हवाई जहाज पर सवार हो रहे थे उसी समय गाजा के एक अस्पताल में हुए विस्फोट में सैकड़ों फिलस्तीनी नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी। हमास ने इसे इजराइल के हवाई हमले का नतीजा बताया, जबकि इजरायली सेना का दावा है कि यह फिलस्तीनी इस्लामिक जेहाद नामक उग्रवादी संगठन द्वारा छोड़े गए राकेटों की वजह से हुआ। लेकिन इस्लामिक जेहाद ने भी इससे इनकार किया है। घटना के लिए कौन जिम्मेदार है इस पर आरोपों–प्रत्यारोपों के दौर के बीच जॉर्डन ने इस 'जघन्य युद्ध अपराध' की निंदा करते हुए उसकी मेजबानी में अम्मान में होने वाली बाइडेन और फिलस्तीन व मिस्त्र के नेताओं की वार्ता रद्द करने की घोषणा की है। इससे राष्ट्रपति बाइडेन का यात्रा कार्यक्रम फिलहाल सिर्फ इजराइल तक सीमित रह गया है, जिसकी प्रशंसा कम हो रही है और उसे लेकर नाक–भौं ज्यादा सिकोड़ी जा रही है।

सत्रह अक्टूबर को गाजा के अल अहली अरब अस्पताल में हुआ विस्फोट खौफनाक तो था, परंतु आश्चर्यजनक नहीं। इस अस्पताल में बीमार तो थे ही उसके प्रांगण में हजारों स्वस्थ नागरिक भी इस उम्मीद में शरण लिए हुए थे कि अस्पताल पर हमला नहीं होगा। सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के नृशंस आक्रमण, जिसमें करीब 14 सौ लोग मारे गए और दो सौ से अधिक बंधक बना लिए गए, के बाद से ही इजराइल गाजा पर लगातार जबरदस्त बमबारी कर रहा है। इस अभूतपूर्व हमले में अब तक तीन हजार फिलस्तीनी मारे जा चुके हैं और करीब छह लाख अपने घर छोड़ कर चले गए हैं। उनमें से कुछ ने इजराइल के इस आह्वान के बाद अपने घर–बार छोड़े हैं कि फिलस्तीनी गाजा के उत्तरी इलाके, जिसमें वहां का सबसे बड़ा शहर गाजा सिटी भी है, को छोड़ दें। इजराइल ने गाजा पट्टी में भोजन सामग्री, पानी, बिजली और ईंधन की सप्लाई रोक दी है।

इजराइल के सुरक्षा बलों ने अस्पताल पर हुए हमले में अपना हाथ होने से इनकार किया है। उनका कहना है कि



**अमेरिका भले ही मध्य–पूर्व को बहुत महत्व दे रहा हो परंतु इसमें कोई संदेह नहीं कि इस इलाके में बाइडेन और अमेरिका दोनो की छवि तार–तार हो चुकी है। अमेरिका अपने जंगी जहाज इजराइल की ओर रवाना कर चुका है और बाइडेन स्वयं भी इजराइल पहुंचे हैं। इन दोनों कदमों का उद्देश्य ईरान और उसके साथियों को यह संदेश देना है कि वे किसी प्रकार की सैन्य कार्यवाही करने का ख्याल छोड़ दें। इससे अरब देशों को यह संदेश जा रहा है कि अमेरिकी सरकार न केवल फिलस्तीनियों की बदहाली को नजरअंदाज कर रही है वरन् इस बदहाली की जड़– इजराइल के कब्जे– को बनाए रखने रखने में भी मददगार है।**

फिलस्तीनी इस्लामिक जिहाद नामक एक कट्टरपंथी गुट द्वारा छोड़ा गया रॉकेट किसी खराबी के चलते अस्पताल में गिर गया। परंतु अधिकांश अरब देशों और दुनिया भर के मुसलमानों का मानना है कि यह हमला इजराइल ने ही किया है। ईरान के शीर्ष नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बिना किसी लागलपेट के कहा कि 'हालिया अपराधों के लिए अमेरिका जिम्मेदार है'। लेबनान स्थित अमेरिकी दूतावास के सामने जबरदस्त प्रदर्शन हुए और मिस्त्र और जॉर्डन, जिन्होंने कई दशक पहले इजराइल से संबंध स्थापित कर लिए थे, ने भी इस हमले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। सऊदी अरब जैसे देश, जिनके साथ इजराइल के संबंध सुधरने शुरू ही हुए थे, भी इस घटना से बहुत नाराज हैं। वेस्ट बैंक के शहरों में अफरा–तफरी और अव्यवस्था का माहौल है क्योंकि बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शनकारी सडक़ों पर उतर आए हैं। इससे जो हमास के राष्ट्रवादी संस्करण फिलस्तीनी ऑथोरिटी और उसके नेता महमूद अब्बास की वेस्ट बैंक में पहले से ही कमजोर सरकार की स्थिरता खतरे में पड़ गई है। महमूद अब्बास ने अम्मान में बाइडेन के साथ अपनी प्रस्तावित मुलाकात रद्द कर दी है। वे रमल्ला लौट गएए हैं और उन्होंने तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है।

अमेरिका भले ही मध्य–पूर्व को बहुत महत्व दे रहा हो परंतु इसमें कोई संदेह नहीं कि इस इलाके में बाइडेन और अमेरिका दोनो की छवि तार–तार हो चुकी है। अमेरिका अपने जंगी जहाज इजराइल की ओर रवाना कर चुका है और बाइडेन स्वयं भी इजराइल पहुंचे हैं। इन दोनों कदमों का उद्देश्य ईरान और उसके साथियों को यह संदेश देना है कि वे किसी प्रकार की सैन्य कार्यवाही करने का ख्याल छोड़ दें। इससे अरब देशों को यह संदेश जा रहा है कि अमेरिकी सरकार न केवल फिलस्तीनियों की बदहाली को नजरअंदाज कर रही है वरन् इस बदहाली की जड़– इजराइल के कब्जे– को बनाए रखने रखने में भी मददगार है।

पूरे अरब प्रायद्वीप में 'डेथ टू अमेरिका' का नारा गूंज रहा है। शुक्रवार को अमेरिका के मित्र देश बहरीन में एक विरोध प्रदर्शन में भी यह नारा लगाया गया। जॉर्डन ने वार्ताएं स्थगित करते हुए कहा कि अब बातचीत का कोई अर्थ नहीं है और सबसे पहले युद्ध बंद किया जाना चाहिए।

अमेरिका की छवि को जो नुकसान पहुंचा है उसके चलते बाइडेन के लिए युद्ध रूकवाना और अमन की बहाली करवाना एक कठिन चुनौती होगी। यह इसलिए भी क्योंकि हाल के कुछ सालों में रूस और चीन कुछ अरब देशों के नजदीक आ गए हैं और वे निश्चित तौर पर इस क्षेत्र में अमेरिका और इजराइल के खिलाफ व्याप्त गुस्से का लाभ उठाना चाहेंगे। इस परिस्थिति में बाइडेन की यात्रा का कोई विशेष मतलब नहीं रह गया है। एक इंटरव्यू में बाइडेन ने इस क्षेत्र के भविष्य के बारे में अपनी सोच का तो खुलासा नहीं किया परंतु कुछ टिप्पणियां अवश्य कीं। उन्होंने कहा कि अगर लड़ाई खत्म होने के बाद भी इजराइल गाजा पर कब्जा बनाए रखता है तो यह बहुत बड़ी भूल होगी। उन्होंने यह भी कहा कि एक अलग फिलस्तीनी देश के निर्माण की राह प्रशस्त की जानी होगी भले ही वह देश अभी तुरंत अस्तित्व में न आए। जाहिर है कि बाइडेन जोखिम भरे रास्ते पर चल रहे हैं। मुझे लगता है कि वे सफलता पाने के लिए बहुत आतुर हैं। यूक्रेन–रूस युद्ध के मामले में वे कुछ विशेष नहीं कर पाए। अब वे चाहते हैं कि चुनाव में उतरने से पहले कम से कम एक सफलता उनके हाथ लग जाए।

# भाजपा का दक्षिण का प्लान बेपटरी


भारतीय जनता पार्टी का दक्षिण भारत के पांच राज्यों का प्लान बेपटरी हो गया है। तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भाजपा ने बैकफुट पर है और उसे समझ में नहीं आ रहा है कि क्या करना चाहिए। तभी कई स्तर पर डैमेज कंट्रोल शुरू हुआ है हालांकि उसका कोई फायदा भी होता नहीं दिख रहा है। भाजपा ने पिछले दिनों कर्नाटक में जेडीएस के साथ तालमेल किया तो ऐसा माना गया कि यह मास्टरस्ट्रोक है, जिसका कांग्रेस के पास जवाब नहीं होगा। लेकिन यह तालमेल उलटा पड़ गया है। भाजपा और जेडीएस दोनों के अंदर बड़ा विवाद है। जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष सीएम इब्राहिम ने पार्टी के विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के साथ जाने का ऐलान किया। अब एचडी देवगौड़ा परिवार को उनको पार्टी से निकालेगा। दूसरी ओर भाजपा के वोक्कालिगा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री डीवी सदानंद गौड़ा इस तालमेल को लेकर नाराजगी जाहिर कर चुके हैं।

इससे पहले भाजपा ने तेलंगाना के लिए बड़ी महत्वाकांक्षी योजना बनाई थी। हैदराबाद नगर निगम में पार्टी के बड़े नेताओ ने प्रचार किया था और भाजपा के अच्छे प्रदर्शन के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ी थी। इससे सत्ता विरोधी माहौल बना था। लेकिन अचानक किसी अज्ञात कारण से भाजपा पीछे हट गई, जिसका नतीजा यह हुआ है कि तेलंगाना में उसकी बनाई सत्ता विरोधी लहर का फायदा कांग्रेस को होता दिख रहा है। पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में भाजपा तय नहीं कर पा रही है कि वह मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी के साथ परोक्ष तालमेल जारी रखे या चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी और पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ तालमेल करे। सो, उसकी योजना वहां भी आगे नहीं बढ़ पा रही है।

तमिलनाडु में अन्ना डीएमके से भाजपा का तालमेल खत्म हो गया है। असल में डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन और ए राजा ने सनातन को लेकर विवादित बयान दिया, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी भाजपा उनके ऊपर टूट पड़ी। इससे अन्ना डीएमके को बैकफुट पर आना पड़ा। तभी उसने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई द्वारा अपने नेताओं पर दिए बयान का बहाना बना कर गठबंधन तोड़ लिया। अब भाजपा के नेता एक तरफ अन्ना डीएमक को मनाने की कोशिश कर रहे हैं तो दूसरी ओर अकेले लडऩे की तैयारी भी कर रहे हैं। कोई आठ–नौ साल पहले भाजपा ने केरल में आक्रमक तरीके से अपना अभियान शुरू किया तो सुरेश गोपी उसके ट्रम्प कार्ड थे। मलयालम फिल्मों के बड़े सितारे सुरेश गोपी को पार्टी ने राज्यसभा में मनोनीत किया और उनकी पार्टी के साथ तालमेल किया। लेकिन अब वे भी दूरी बनाए हुए हैं। भाजपा ने उनको कोलकाता स्थिति सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीच्यूट का अध्यक्ष बना कर कोलकाता भेजने की प्लानिंग की थी। अब कहा जा रहा है कि वे भाजपा में शामिल हो सकते हैं। अगर वे भाजपा में शामिल हो जाते हैं तो यह भाजपा के लिए बड़ी बात होगी और तब वह केरल में मजबूती से तीसरे स्थान की राजनीति कर पाएगी।

# खूबसूरती के चक्कर में कहीं पड़ न जाए लेने के देने, जानें आपको कैसे बीमार बना सकती है नेल पॉलिश

कलरफुल नेल पॉलिश हर लडक़ी की पहली चाहत मानी जाती है. अपने नाखूनों को खूबसूरत बनाने के लिए वे नेल पॉलिश लगाती हैं. लेकिन शायद वे इस बात से अनजान हैं कि इसमें इस्तेमाल होने वाले केमिकल बेहद खतरनाक होते हैं और उन्हें बीमार बना सकते हैं. दरअसल, पूरी बॉडी में एंडोक्राइन ग्लैंड्स होते हैं, जो हामीन का उत्पादन करते हैं. एंडोक्राइन ग्लैंड्स के हामीन से ही हमारा शरीर स्वस्थ रहता है. इसी से बनने वाला एंडोक्राइन डिसरप्टर एक तरह का केमिकल है, जो डेली लाइफ में यूज होने वाले ब्यूटी प्रोडक्ट्स, फूड और ड्रिंक पैकेजिंग, खिलौने, कालीन और कीटनाशक में इस्तेमाल होता है. कुछ केमिकल फ्लेम रिटारडेंट की तरह भी काम करते हैं जो एंडोक्राइन–डिसरप्टर भी हो सकते हैं. जब ये हवा,



पानी, आहार और त्वचा के संपर्क में आते हैं तो इन्हें पूरी तरह हटाया नहीं जा सकता और ये नुकसानदायक बन जाते हैं.

**क्या होते हैं एंडोक्राइन–डिसरप्टिंग केमिकल**

एंडोक्राइन–डिसरप्टिंग केमिकल प्राकृतिक या मानव निर्मित दोनों तरह के हो सकते हैं. ये हमारी बॉडी के हामीन की नकल कर उन्हें ब्लॉक कर सकते हैं. ये हॉमीन के साथ इंटरफेयर कर सेहत को कई तरह से नुकसान पहुंचा सकते हैं.

**एंडोक्राइन डिसरप्टर का कारण बन सकते हैं ये केमिकल** रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरी दुनिया में करीब 85,000 केमिकल ऐसे हैं, जिन्हें इंसानों ने बनाया है. इनमें से 1,000 से ज्यादा अपने गुणों के कारण एंडोक्राइन डिसरप्टर हो सकते हैं. इनमें कुछ एट्राजिन जो दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जाने वाले हर्बिसाइड में से एक है. इसके अलावा बिस्फेनॉल ए, डाइऑक्सिन, परक्लोरेट, फथलेट्स भी शामिल है. फथलेट्स फ्लूइड प्लास्टिसाइजर के तौर पर उपयोग किया जाता है. यह कुछ फूड पैकेजिंग, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, सुगंध वाले प्रोडक्ट, बच्चों के खिलौने और मेडिकल इक्विपमेंट में पाए जाते हैं. खासकर नेल पॉलिश, हेयर स्प्रे, आफ्टरशेव लोशन, क्लींजर और शैम्पू में ज्यादा मिलते हैं. इनके अलावा फाइटोएस्ट्रोजेन, पॉलीक्लोराइनेटेड बाइफिनाइल्स भी खतरनाक केमिकल हैं.

**एंडोक्राइन डिसरप्टर से कैसे बच सकते हैं**

एक्सपर्ट्स के मुताबिक,एंडोक्राइन डिसरप्टर केमिकल अगर बहुत कम मात्रा में है तो भी सेहत को नुकसान पहुंचाने के लिए काफी हो सकता है. शरीर की सामान्य एंडोक्राइन सिस्टम में हामीन लेवल में छोटे–छोटे परिवर्तन होते हैं. ये छोटे परिवर्तन ही कई तरह की बायोलोजिकल इफेक्ट्स छोड़ सकते हैं. जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं. इनसे बचना है तो केमिकल के संपर्क में आने के बाद हाथ को अच्छी तरह धोएं. केमिकल के सुगंध से भी दूरी बनाएं. धूल और वैक्यूम से भी बचें.

## नागरिक धोखाधड़ी मुकदमे में गैग आदेश का उल्लंघन करने के लिए ट्रंप पर जुर्माना

**न्यूयॉर्क ,एजेंसी** । न्यूयॉर्क के एक न्यायाधीश ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर नागरिक धोखाधड़ी मुकदमे में गैग आदेश का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया है। ट्रंप पर 5,000 डॉलर का जुर्माना लगाने वाले न्यायाधीश आर्थर एंगोरोन ने अदालत में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति अदालत में एक क्लर्क का मजाक उड़ाने वाली ऑनलाइन पोस्ट को हटाने में विफल रहे थे।

उन्होंने ट्रंप को जेल भेजने की भी धमकी दी और कहा कि वह झूठे और अपमानजनक पोस्ट को हटा लें। न्यायाधीश एंगोरोन ने कहा कि पोस्ट सोशल मीडिया पर हटा दी गई थी, लेकिन उनकी वेबसाइट पर बनी रही। ट्रम्प के वकील क्रिस्टोफर किसे ने अपने मुवक्किल की ओर से माफी मांगी और कहा कि यह एक अनजाने में हुई गलती थी क्योंकि पोस्ट को सोशल मीडिया से हटा दिया गया था, सहयोगी इसे अभियान वेबसाइट से हटाना भूल गए थे।

बाद में दिन में, न्यायाधीश एंगोरोन ने फैसला सुनाया कि ट्रम्प को जुर्माना भरना होगा क्योंकि उल्लंघन अनजाने में हुआ था, और यह देखते हुए कि यह पहली बार उल्लंघन है। उन्होंने कहा, कोई गलती न करें, भविष्य में उल्लंघन, चाहे जानबूझकर या अनजाने में, उल्लंघनकर्ता को कहीं अधिक गंभीर प्रतिबंधों के अधीन किया जाएगा। ट्रंप और उनके परिवार के कई सदस्यों पर धोखाधड़ी, व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी, गलत वित्तीय विवरण जारी करने और साजिश रचने का मुकदमा चल रहा है।

## गाजा हिंसा के चलते लगभग 900 नई विधवाएँ हुईं : संयुक्त राष्ट्र

**न्यूयॉर्क , एजेंसी** । संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि गाजा में हिंसा के कारण अपने घरों से विस्थापित हुई 493,000 महिलाओं और लड़कियों में से अनुमानित 900 नई विधवाएं हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने हाल ही में जारी अध्ययन, यूएन वूमेन रैपिड का हवाला देते हुए कहा, संयुक्त राष्ट्र महिलाओं ने अपने पुरुष साथी की मृत्यु के बाद घर की मुखिया बनने वाली महिलाओं की संख्या से विधवाओं की संख्या का अनुमान लगाया है।

आकलन में कहा गया है कि रिपोर्ट के आंकड़े संयुक्त राष्ट्र कार्यालय द्वारा मानवीय मामलों के समन्वय के लिए अपने रिलीफवेब पर 7 अक्टूबर के बाद से गाजा में हताहतों की गुरुवार की संख्या से आए हैं। अध्ययन में कहा गया है कि 3,785 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए और 12,500 से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें से 53 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे है।

## पाकिस्तान में एक और वांटेड आतंकी दाउद्द की हत्या, मसूद अजहर का था करीबी

**लाहौर ,एजेंसी** । पाकिस्तान से बड़ी खबर सामने आई है। यहां उत्तरी वजीरिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने वांटेड आतंकी मलिक दाउद्द की हत्या कर दी है। मलिक दाउद्द मोस्ट वांटेड आतंकी मसूद अजहर का राइट हैंड था। कहा जा रहा है कि अज्ञात लोगों ने उसके ऊपर गोलीबारी की जिससे उसकी मौत हो गई।

## भाजपा के साथ दोस्ती वाले बयान पर नीतीश कुमार ने दी सफाई, मीडिया को कोसा

**पटना ,एजेंसी** । बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मोतिहारी के महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाजपा से दोस्ती से संबंधित दिए गए बयान से पलटते हुए कहा कि हम ऐसा क्यों कहेंगे। उन्होंने मीडिया को कोसते हुए कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से प्रकाशित किया गया।

# ब्रिटेन ने भारत के फैसले से असहमति जताई

## कनाडा के साथ तल्ख रिश्तों के बीच एफसीडीओ का बड़ा बयान

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन ने भारत सरकार के फैसलों पर असहमति जाहिर की है। कनाडा और भारत के रिश्तों में तल्खी के बीच ब्रिटेन का बयान अहम है। कनाडाई राजनयिकों को निकाले जाने के मामले में ब्रिटेन ने कहा, वे भारत के फैसले से सहमत नहीं हैं। ब्रिटेन का मानना है कि एक सिख अलगाववादी की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच गतिरोध पनपा। इसके बाद कई राजनयिकों को देश छोड़ना पड़ा।

विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने शुक्रवार को कहा, भारत के इस कदम से राजनयिक संबंधों पर वियना कन्वेंशन के प्रभावी कामकाज पर असर पड़ा। कनाडा ने आरोप लगाया कि भारत की तरफ से राजनयिकों का दर्जा रद्द करने की कथित एकतरफा धमकी के बाद 41 राजनयिकों को वापस बुलाया गया। मामला कनाडा के सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की जून में हुई हत्या से जुड़ा है।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारतीय एजेंटों के शामिल होने का दावा किया था। इसके बाद द्विपक्षीय संबंध तनावपूर्ण हो गए। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय ने कनाडा के आरोपों को दृढ़ता से खारिज कर दिया था। भारत ने राजनयिकों को बाहर निकालने के संबंध में वियना कन्वेंशन के किसी भी उल्लंघन से इनकार किया है।

एफसीडीओ के बयान में कहा गया है, "मतभेदों को सुलझाने के लिए संबंधित राजधानियों में संचार और राजनयिकों की जरूरत होती है। हम भारत सरकार के फैसलों से सहमत नहीं हैं, जिसके परिणामस्वरूप कई कनाडाई राजनयिक भारत छोड़कर चले गए हैं।"

ब्रिटेन के एफसीडीओ ने कहा, "हम उम्मीद करते हैं कि सभी देश राजनयिक संबंधों पर 1961 के वियना कन्वेंशन के तहत अपने दायित्वों को बरकरार रखेंगे। राजनयिकों की सुरक्षा के लिए प्रदान किए जाने वाले विशेषाधिकारों और बचाव के अधिकार को एकतरफा हटाना



वियना कन्वेंशन के सिद्धांतों या प्रभावी कामकाज के अनुरूप नहीं है। हम भारत को हरदीप सिंह निज्जर की मौत की स्वतंत्र जांच में कनाडा के साथ जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना जारी रखेंगे।"

ब्रिटेन के बयान के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने राजनयिक समानता के कार्यान्वयन को अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के उल्लंघन के रूप में दिखाने के सभी प्रयासों को खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, "हमारे द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति, भारत में कनाडाई राजनयिकों की बहुत अधिक संख्या और हमारे आंतरिक मामलों में उनका निरंतर हस्तक्षेप नई दिल्ली और ओटावा में आपसी राजनयिक उपस्थिति में समानता की गारंटी देता है।"

ब्रिटेन और अमेरिका दोनों फाइव आइज नेटवर्क का हिस्सा हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह एक खुफिया गठबंधन है जिसमें अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूज़ीलैंड शामिल हैं। यह निगरानी–आधारित और सिग्नल इंटेलिजेंस दोनों का उपयोग करता है। ब्रिटेन के बयान के बाद अमेरिकी सरकार ने भी गतिरोध पर कनाडा का समर्थन किया, विदेश विभाग ने कहा कि वे भारत से कनाडाई राजनयिकों के प्रस्थान से "चिंतित" हैं।

बता दें कि भारत और कनाडा के बीच विवाद पिछले महीने शुरू हुआ जब, कनाडाई संसद में प्रधानमंत्री ट्रूडो ने आपत्तिजनक बयान दिया। उन्होंने कहा था कि भारत सरकार के एजेंट खालिस्तान टाइगर फोर्स के नेता और भारत में वांछित आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल हैं। ट्रूडो ने कहा था, कनाडा के सुरक्षा बल "विश्वसनीय आरोपों पर सक्रिय रूप से जांच आगे बढ़ा रहे हैं।" 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया (कनाडा) में हुई निज्जर की हत्या के मामले में पीएम ट्रूडो के बयान को भारत के विदेश मंत्रालय ने "बेतुका और प्रेरित" बताकर दृढ़ता से खारिज कर दिया था।

भारत के साथ तल्ख रिश्तों के बीच शुक्रवार को कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, भारत और कनाडा में लाखों लोगों के लिए सामान्य जीवन को भारत सरकार "अविश्वसनीय रूप से कठिन" बना रही है। इससे पहले, कनाडाई अधिकारियों ने भी भारत में अपने राजनयिक मिशनों में कर्मचारियों की कमी के कारण वीजा जारी करने में अधिक समय लगने की चेतावनी दी थी।

# मिस्र ने खोली सीमा, पहली बार राहत सामग्री से भरे 20 ट्रकों ने गाजा में किया प्रवेश

**गाजा ,एजेंसी** । इजरायल और हमास के बीच 7 अक्टूबर को भड़के संघर्ष के बाद दो सप्ताह की नाकेबंदी में शनिवार को पहली बार ढील दी गई और मानवीय सहायता से भरे 20 ट्रक राफा क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा में दाखिल हुए, जो तटीय एंक्लेव और मिस्त्र के बीच एकमात्र सीमा क्रॉसिंग है।

जानकारी के अनुसार मिस्त्र और गाजा के बीच की सीमा शनिवार को खोल दी गई जिसके बाद इजराइली घेराबंदी वाले क्षेत्र में भोजन, दवा और पानी की कमी से जूझ रहे फलस्तीनियों के लिए सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

लाइफ मेकर्स फाउंडेशन के जनसंपर्क अधिकारी अया अहमद ने बताया कि ट्रकों में मिस्त्र की संस्थाओं नेशनल अलायंस फॉर सिविल डेवलपमेंट वर्क और इजिप्शियन रेड क्रिसेंट द्वारा दान की गई चिकित्सा सहायता भरी हुई थी। इससे पहले इज़राइल राफा क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा में सहायता ले जाने वाले 20 ट्रकों को अनुमति देने पर सहमत हुआ। हालांकि उसने ईंधन की मदद को जाने की अनुमति नहीं दी।

इससे पहले दिन में, इज़राइल में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि उसे जानकारी मिली है कि रफ़ा क्रॉसिंग शनिवार सुबह 10 बजे (स्थानीय समय के अनुसार) खुलेगी। इजराइल–हमास के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच गाजा में गहराते मानवीय संकट के कारण मिस्त्र में कई दिनों से मानवीय सहायता रुकी हुई है।

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने शनिवार को चेतावनी दी कि गाजा में भोजन, पानी, ईंधन और चिकित्सा आपूर्ति तेजी से खत्म हो रही है, जबकि बिजली कटौती और ईंधन आयात पर प्रतिबंध के कारण स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली और स्वच्छ पानी तक पहुंच पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है। इसमें कहा गया है कि गाजा में लगभग 14 लाख लोग विस्थापित हुए हैं जो पूरी पट्टी की 20 लाख की आबादी का 70 प्रतिशत है।

## हाईकोर्ट ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े जबरन वसूली मामले में पिंकी ईरानी को जमानत दी

**नई दिल्ली ,एजेंसी** । दिल्ली हाईकोर्ट ने 200 करोड़ रुपये से जुड़े एक हाई–प्रोफाइल जबरन वसूली मामले में कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की करीबी सहयोगी पिंकी ईरानी को जमानत दे दी। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने पिछले साल 30 नवंबर को पिंकी ईरानी को गिरफ्तार किया था, तब से वह हिरासत में थीं।

हाईकोर्ट ने जमानत देते समय विभिन्न फेक्टरों पर विचार किया। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि पिंकी ईरानी के आपराधिक इतिहास के बारे में रिकॉर्ड पर कुछ भी नहीं है। वह 52 वर्षीय महिला है और करीब एक साल से हिरासत में है। अदालत ने यह भी कहा कि मुकदमे के दौरान आरोपों का परीक्षण करने की जरूरत होगी ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि वे महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं या नहीं।

हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि पिंकी ईरानी किसी भी परिस्थिति में संबंधित अदालत की पूर्व अनुमति के बिना भारत नहीं छोड़ेंगी। इसके अलावा कोर्ट ने 5 लाख रुपये के निजी मुचलके व इतनी ही राशि के दो जमानती पर जमानत देते हुए आदेश दिया कि पिंकी ईरानी मामले से परिचित किसी भी व्यक्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई प्रलोभन, धमकी देने की कोशिश नहीं करेंगी। ईओडब्ल्यू ने आरोप लगाया था कि पिंकी ईरानी ने चंद्रशेखर को बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस से मिलवाया और उगाही की गई 200 करोड़ रुपये की रकम को ठिकाने लगाने में भूमिका निभाई। ईरानी पर चंद्रशेखर को एक बिजनेस टाइकून के रूप में पेश करने और कुछ बॉलीवुड हस्तियों के साथ उनकी बैठकें कराने का आरोप लगाया गया था।

## मध्यप्रदेश को बेरोजगारों का प्रदेश बनाया भाजपा ने : कमलनाथ

**भोपाल ,एजेंसी** । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने आज आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने मध्यप्रदेश को 'बेरोजगारों का प्रदेश' बना दिया है।

कमलनाथ ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के जरिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को संबोधित करते हुए लिखा है कि राज्य में युवाओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। उनका दावा है कि आज राज्य में लगभग 40 लाख बेरोजगार पंजीकृत हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार बनने पर नौजवानों के लिए दस बड़े काम किए जाएंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में दो लाख सरकारी पद भरे जाएंगे। प्रदेश के युवाओं को ही सरकारी नौकरी में प्राथमिकता मिले, इसके लिए भी आगे बढ़ेंगे। प्रतियोगी परीक्षा शुल्क में सौ प्रतिशत छूट दी जाएगी।

# हायर के फेस–टू की इकाई का मैप स्वीकृत, 400 करोड़ के निवेश से 1,000 युवाओं को मिलेगा रोजगार

**ग्रेटर नोएडा ,एजेंसी** । ग्रेटर नोएडा में आईआईटीजीएनएल की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में हायर अप्लायंसेज दूसरे चरण की इकाई का निर्माण शुरू करने जा रहा है। हायर के फेस–टू की इकाई का निर्माण करने के लिए मैप स्वीकृत हो गया है।

कंपनी के मुताबिक दूसरे चरण की विस्तार इकाई में करीब 400 करोड़ रुपये का निवेश होगा और 1,000 युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। यह प्लांट करीब एक साल में बनकर तैयार हो जाएगा।

इस प्लांट में इंजेक्शन मोल्डिंग और शीट मेटल का निर्माण किया जाएगा, जो वर्तमान में कार्यरत इकाइयों में ही इस्तेमाल होगा। यह हायर अप्लायंसेज का चौथा प्लांट है। इससे पहले एसी, फ्रिज और वॉशिंग मशीन का प्लांट शुरू किया जा चुका है।

हायर कंपनी को वर्ष 2018 में 122 एकड़ का भूखंड आवंटित किया गया है। कंपनी प्रथम चरण में लगभग 1,600 करोड़ रुपये का निवेश और करीब 2,500 लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान कर चुकी है।

आईआईटीजीएनएल के प्रबंध निदेशक व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने कहा है कि निवेशकों से अपील की है कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप और ग्रेटर नोएडा में निवेश के इच्छुक निवेशकों को दोनों संस्थानों की तरफ से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## गोलगप्पे खाना पड़ा महंगा, 40 लोगों ही हालत बिगड़, अस्पताल में चल रहा इलाज

**रांची ,एजेंसी** । झारखंड के कोडरमा में गोलगप्पा खाकर 40 लोग फूड पॉयजनिंग का शिकार हो गए। इनमें 30 बच्चे हैं। इन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बताया गया कि जिले की लोकाई पंचायत के गोसाईटोला और बलरोटांड गांव में शुक्रवार की शाम एक दुकानदार ने घूम–घूम कर गोलगप्पे बेचे। गोलगप्पे खाने के कुछ ही घंटे बाद ज्यादातर लोग उल्टी और दस्त की शिकायत करने लगे।शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक जिले के सदर हॉस्पिटल में एक–एक कर 40 लोग इलाज कराने पहुंचे। कुछ को निजी अस्पतालों में दाखिल कराया गया है। मरीजों के परिजनों ने आरोप लगाया है कि कोडरमा सदर हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे। देर रात डॉक्टर पहुंचे, तब उनका इलाज शुरू हो पाया।

## 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार के लिए बैनर का नहीं, सोशल मीडिया का इस्तेमाल करेंगे : गडकरी

**नागपुर ,एजेंसी** । परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि वह अगले साल के आम चुनावों के दौरान प्रचार के लिए विज्ञापन बैनरों का नहीं बल्कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करेंगे। नितिन गडकरी ने कहा कि सामाजिक उत्थान के लिए उनका काम और जमीन से जुड़ा रवैया उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र में जीत हासिल करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि वह मोबाइल नेटवर्क और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोगों का आशीर्वाद मांगेंगे।

गडकरी ने मशहूर मराठी एक्टर प्रशांत दामले को दिए एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि मतदाता समझदार हैं। पति एक पार्टी को वोट देता है जबकि पत्नी दूसरी पार्टी को वोट देती है। लेकिन, वे सभी राजनीतिक दलों से उपहार और लाभ स्वीकार करते हैं।

# गहलोत सरदारपुरा और पायलट टोंक से लड़ेंगे चुनाव

## कांग्रेस ने जारी की 33 नामों की पहली सूची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित 33 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी सूची के अनुसार श्री गहलोत अपने पुराने निर्वाचन क्षेत्र सरदारपुरा से चुनाव लड़ेंगे।

पार्टी के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट और विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी को पार्टी ने क्रमशः टोंक और नाथद्वारा से पुनः उम्मीदवार बनाया है।

सूची में नौ महिलाएं हैं,




जिनमें श्रीमती रीता चौधरी को मांडवा, श्रीमती कृष्णा पुनिया को सादुलपुर , डॉ. अर्चना शर्मा को मालवीयनगर , श्रीमती ममता भूपेश को सिकराई (अनुसूचित जाति) , श्रीमती मंजू देवी को जायल अनुसूचित जाति, सुश्री दिव्या मदेरना को ओसियान, श्रीमती मनीषा पवार को जोधपुर, श्रीमती प्रीती गजेन्द्र सिंह शक्तावत को वल्लभनगर, श्रीमती रमीला खडिया को कुशलगढ़ अनुसूचित जनजाति सीट से प्रत्याशी बनाने की घोषणा की गयी है।

पार्टी ने नोहर सीट से अमित चचान, कोलयात से भंवर सिंह भाटी, सुजानगढ़ (अ.जा.) मनोज मेघवाल, लक्ष्मणगढ़ से गोविंद सिंह दोतसरा, विराटनगर से इंद्रराज सिंह गुर्जर, सांगानेर से पुष्पेंद्र भारद्वाज, मुंडावर से ललित कुमार यादव, अलवर (अ.जा.) से टीकाराम जूली, सवाई माधवपुर से दानिश अबरार, लाडनूं से मुकेश भाकड़, दीदवाना से चेतन सिंह चौधरी, देगना से विजयपाल मिर्धा, पर्बतसर से रामनिवास गवारिया, दूनी से महेंद्र विश्नोई, बायतू से हरीश चौधरी और डूंगरपुर (अजजा) से गणेश गोघरा, बागीडोरा (अजजा) से महेन्द्रजीत सिंह मालवीय, प्रतापगढ़ (अजजा) से रामलाल मीणा, भीम से सुदर्शन सिंह रावत, मंडलगढ़ से विवेक धाकड़ और हिंडोली से अशोक चांदना को टिकट दिया है। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 25 नवंबर को कराए जाने हैं और वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। कांग्रेस राज्य में सत्ता बरकरार रखने के लिए चुनाव लड़ रही है।

निर्वाचन आयोग ने मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के साथ राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए कार्यक्रमों की घोषणा पहले ही कर दी है।

राजस्थान के लिए चुनाव अधिसूचना 30 अक्टूबर को जारी की जाएगी। नामांकन छह नवंबर तक भरे जा सकेंगे। अगले दिन नामांकन पत्रों की जांच होगी और नौ नवंबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

## हरियाणा में महंगाई दर 6.49 प्रतिशत, जबकि दिल्ली में सबसे कम : डा. सुशील गुप्ता

**चंडीगढ़, ,एजेंसी** । आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डा. सुशील गुप्ता ने शनिवार को हरियाणा में बढ़ती महंगाई को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में हरियाणा महंगाई में राजस्थान के बाद नंबर दो पर है।

प्रदेश के लोग महंगाई से त्रस्त हैं। ऊंची कीमतों का प्रभाव हरियाणा में आसमान छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई की चक्की में पीस रही है जिस पर खट्टर सरकार का कोई कंट्रोल नहीं है। पिछले 9 सालों में खट्टर सरकार महंगाई को रोकने में नाकाम साबित हुई है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा पिछले महीने भारत में दूसरे सबसे अधिक महंगे राज्य में शामिल हो गया है। पिछले सप्ताह जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस सितंबर में हरियाणा में सबसे अधिक महंगाई दर्ज़ की गई है। सितंबर 2023 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों से पता चलता है कि हरियाणा में खुदरा महंगाई दर 6.49 प्रतिशत थी।

## दिल्ली : पटाखे से 11 साल के बच्चे की आंख में लगी चोट

**नई दिल्ली ,एजेंसी** । दिल्ली इलाके में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा किए गए पटाखे के विस्फोट के कारण 11 वर्षीय लडके़ की आंख में गंभीर चोट लग गई। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों की बिक्री और फोडने़ पर प्रतिबंध है।

पुलिस के अनुसार, पूर्वोत्तर दिल्ली के शास्त्री पार्क निवासी एक लडके़ को पटाखे से चोट लगने के संबंध में एम्स अस्पताल से एक सूचना और मेडिको–लीगल केस (एमएलसी) प्राप्त हुई थी। शुरुआती जांच में पता चला कि 15 अक्टूबर को रात करीब 8 बजे जब लडक़ा मेन रोड शास्त्री पार्क के पास अपने घर जा रहा था, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने सडक़ पर पटाखा फोड़ दिया।

पुलिस उपायुक्त (पूर्वोत्तर) जॉय टिर्की ने कहा, लडके़ की दाहिनी आंख में चोट लगी है। इस संबंध में विस्फोटक पदार्थों के संबंध में लापरवाही बरतने और जीवन को खतरे में डालने वाले कृत्य से चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी ने कहा, लडके़ को इलाज के बाद 17 अक्टूबर को छुट्टी दे दी गई। उसके पिता का तीस हजारी कोर्ट के पास ट्रांसपोर्ट का कारोबार है।

## अहमदाबाद के एक व्यक्ति पर अमेरिकी से धोखाधड़ी का मामला दर्ज, क्रिप्टो वॉलेट से 9.3 लाख डॉलर बरामद

**नई दिल्ली ,एजेंसी** । केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को कहा कि उसने रामावत शैशव उर्फ जेम्स कार्लसन के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाशी ली और उसके क्रिप्टो वॉलेट से 9.3 लाख अमेरिकी डॉलर बरामद किए। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने यहां बताया कि अहमदाबाद में शैशव के परिसरों पर तलाशी ली गई, जिसमें क्रिप्टो वॉलेट्स और आपत्तिजनक सामग्री से 9.3 लाख अमेरिकी डॉलर मूल्य की क्रिप्टो मुद्राएं बिटकॉइन, एथेरियम, रिपल, यूएसडीटी आदि की बरामदगी और जब्ती हुई।अधिकारी ने कहा कि तलाशी के दौरान अहमदाबाद के रहने वाले दो अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता भी सामने आई है।

इसलिए, उक्त व्यक्तियों के परिसरों पर भी तलाशी ली गई, जिसके परिणामस्वरूप मोबाइल फोन, आपत्तिजनक सामग्री वाले लैपटॉप आदि बरामद हुए।

एजेंसी ने कहा कि यह आरोप लगाया गया था कि उक्त शैशव ने जेम्स कार्लसन के छद्म नाम से एक अमेरिकी नागरिक से फोन पर संपर्क किया, खुद को एक मल्टी–नेशनल कंपनी के धोखाधड़ी विभाग से बताया और पीड़ित को गलत तरीके से सूचित किया कि कोई पीड़ित के खाते का उपयोग करके एक कंप्यूटर का ऑर्डर देने की कोशिश कर रहा है। अधिकारी ने कहा, यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी ने पीड़ित को गुमराह भी किया कि चार अलग–अलग प्रांतों में लोगों ने उक्त एमएनसी के खाते खोलने के लिए पीड़ित के सामाजिक सुरक्षा नंबर का इस्तेमाल किया था।सीबीआई ने यह भी आरोप लगाया कि शैशव ने पीड़ित को अपने बैंक खातों से नकदी निकालने और रॉकिटकॉइन एटीएम वॉलेट में बिटकॉइन में जमा करने के लिए प्रेरित किया।

## शर्मनाक : कुत्ता भौंका तो प्राइवेट पार्ट में घुसा दी रॉड, मालकिन को भी निर्वस्त्र करके पीटा

**भुवनेश्वर ,एजेंसी।** पुलिस ने भुवनेश्वर के सूर्यनगर में एक महिला के साथ मारपीट करने और उसके के पालतू कुत्ते के प्राइवेट पार्ट में लोहे की रॉड डालने के आरोप में 46 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नयागढ़ जिले के मूल निवासी मगुनी नायक के रूप में हुई है। वह सूर्यनगर में महिला के घर के पास एक झुग्गी में रह रहा था। पुलिस ने नायक को आईपीसी की विभिन्न धाराओं और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया।जानकारी के अनुसार 19 अक्टूबर को शिकायतकर्ता का पालतू कुत्ता मगुनी नायक पर भौंका था। इसके बाद आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों ने शिकायतकर्ता के साथ झगड़ा किया। नायक ने पीड़िता की मां और भाई से अभद्रता की। जब शिकायतकर्ता ने हस्तक्षेप किया तो आरोपी ने उस पर भी तलवार से हमला किया, लेकिन वह बच गई।कैपिटल थाना के प्रभारी निरीक्षक पद्मनाव प्रधान ने कहा, इसके बाद नायक ने उसके बाल पकडक़र उसे घसीटा और पीड़िता की लज्जा भंग करते हुए उसे निर्वस्त्र कर दिया।

# पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज शफीक ने कहा, आगामी मैचों से पहले फिनिशिंग पर काम करेंगे



बेंगलुरु, पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक को इस बात का अफसोस है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छी शुरुआत के बावजूद उनकी टीम मैच का सफल अंत (फिनिशिंग) नहीं कर पाई और उसे विश्व कप के अगले मैच से पहले इस पर काम करने की जरूरत है।

पाकिस्तान के सामने 368 रन का लक्ष्य था। शफीक (64) और इमाम उल हक (70) ने पहले विकेट के लिए 134 रन जोडकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। शुक्रवार को खेले गए इस मैच में हालांकि पाकिस्तान की टीम 305 रन बनाकर आउट हो गई थी।

शफीक ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन खेल दिखाया। हमें यह स्वीकार करना होगा। हमने भी अपनी तरफ से अच्छा प्रयास किया। हमारे गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की।

उन्होंने कहा,हमारी बल्लेबाजी भी अच्छी थी लेकिन बीच के ओवरों में हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। हमें मैच का सफल अंत करना चाहिए था। हमें इस पर काम करना होगा। उम्मीद है कि हम इस मैच से सबक लेकर आगामी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

शफीक ने कहा कि एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की बल्लेबाजों के लिए अनुकूल पिच पर 368 रन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था।

उन्होंने कहा,,हमने पहले भी इतना बड़ा लक्ष्य हासिल किया है जैसे कि श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में हमने 345 रन का लक्ष्य हासिल किया था। हमें अपनी बल्लेबाजी पर पूरा विश्वास है। लेकिन उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की और उनके क्षेत्ररक्षण भी अच्छा था।

## हार्दिक पांड्या टखने की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ नहीं खेलेंगे : बीसीसीआई

पुणे ,तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर और भारत के उप–कप्तान हार्दिक पांड्या बाएं टखने की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले विश्व कप मुकाबले से पहले टीम के साथ धर्मशाला नहीं जाएंगे । भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह जानकारी दी है।

पुणे के एमसीए स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के भारत के चौथे लीग मैच के दौरान अपनी ही गेंदबाजी पर क्षेत्ररक्षण करते समय पांड्या अपने बाएं टखने में चोट लगने के बाद मैदान से बाहर चले गए और बाकी मैच में भाग नहीं लिया। .

ऑलराउंडर को स्कैन के लिए ले जाया गया और उसे आराम की सलाह दी गई है। वह बीसीसीआई मेडिकल टीम की निरंतर निगरानी में रहेंगे।

इसमें कहा गया है कि पांड्या 29 अक्टूबर को गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ मैच के लिए सीधे लखनऊ में भारतीय टीम से जुड़ेंगे।

# 20 साल से जीत का सूखा झेल रही टीम इंडिया, क्या रोहित–कोहली दिखाएंगे 'करिश्मा'




नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2023 के 21वें मैच में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। दोनों टीमें दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली क्रिकेट टीमों में से एक हैं। साथ ही टूर्नामेंट की प्वाइंट्स टेबल में भी नंबर–1 और नंबर–2 पर हैं। धर्मशाला में रविवार, 22 अक्टूबर को दोनों की बीच भिड़ंत होगी।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला मैच बेहद खास है। वो इसलिए की न्यूजीलैंड ने ही साल 2019 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भारत को 18 रन से शिकस्त दी थी। पूर्व कप्तान एमएस धोनी का रन आउट होना और भारत की हार की टीस अभी भी हर भारतीय फैंस के दिल में उठती है। ऐसे में भारत उस हार का भी बदला लेना चाहेगा।


न्यूजीलैंड को 20 से नहीं हारा पाई है भारत

भारत और न्यूजीलैंड वर्ल्ड कप जीतने के प्रबल दावेदार हैं और दोनों के बीच एक लंबा और रोमांचक क्रिकेट इतिहास भी रहा है। कउउ वर्ल्ड कप में भारत और न्यूजीलैंड 9 बार एक–दूसरे से भिड़ चुके हैं। इसमें कीवी टीम का रिकॉर्ड बेहतर है उसने पांच मैच जीते हैं तो वहीं, भारत को मात्र 3 बार सफलता मिली है। एक मैच रद्द रहा है। भारत ने 2003 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड को हराया था। 2007, 2011 और 2015 में दोनों के बीच कोई मुकाबला नहीं हुआ था।

**वनडे में भारत और न्यूजीलैंड का रिकॉर्ड**

वनडे क्रिकेट में भारत और न्यूजीलैंड 116 बार आमने–सामने हो चुकी हैं। भारत ने इस दौरान 58 मुकाबले और न्यूजीलैंड ने 50 मुकाबले जीते हैं। सात मैच बेनतीजा रहे हैं, जबकि एक मैच टाई रहा है। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में 29 मैच जीते हैं।

# बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों ने जमाया रंग, साउथ अफ्रीका ने दर्ज की रिकॉर्ड जीत




नई दिल्ली। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के 20वें मैच में इंग्लैंड औंधे मुंह गिरी है। साउथ अफ्रीका ने खेल के तीनों ही विभाग में डिफेंडिंग चैंपियन को चारों खाने चित करते हुए रिकॉर्ड 229 रन से जीत दर्ज की। बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद अफ्रीकी गेंदबाजों ने भी वानखेड़े के मैदान पर जमकर महफिल लूटी। साउथ अफ्रीका से मिले 400 रन के लक्ष्य के जवाब में इंग्लैंड की पूरी टीम महज 170 रन बनाकर सिमट गई।

**साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों ने जमाया रंग**

400 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जॉनी बेयरस्टो को महज 10 रन के स्कोर पर लुंगी एनगिडी ने पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद माकी जेनसन ने जो रूट को 2 रन के स्कोर पर चलता किया। रूट के आउट होने के बाद इंग्लैंड के बल्लेबाजों में पवेलियन लौटने की होड़ लग गई।

बेन स्टोक्स सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हुए, जबकि हैरी ब्रूक भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके। वहीं, जोस बटलर 7 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए। आखिरी में मार्क वुड और गस एटकिंसन ने 9वें विकेट के लिए 70 रन जोड़े। एटकिंसन को केशव महाराज ने क्लीन बोल्ड करते हुए इंग्लैंड की पूरी टीम को 170 रन पर समेट दिया।

## यूईएफए ने सुरक्षा स्थिति के कारण इजऱाइल में मैचों को किया निलंबित

जेरूसलम ,यूईएफए ने घोषणा की है कि कोई भी मैच अगली सूचना तक इजऱाइल में आयोजित नहीं किया जाएगा।

यूईएफए ने कहा कि उसने इजऱाइल के पूरे क्षेत्र में वर्तमान सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के बाद यह निर्णय लिया है।

इजऱाइली चैंपियन मैकाबी हाइफ़ा, जो यूईएफए यूरोपा लीग में भाग लेता है और मैकाबी तेल अवीव जो यूईएफए यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग का हिस्सा हैं, उन्हें आईएफए के साथ मिलकर अपने घरेलू मैचों के लिए इजऱाइल के बाहर वैकल्पिक स्टेडियम की पेशकश करने के लिए कहा गया है।इससे पहले कई मैचों को स्थगित किया जा चुका है। हालांकि, तब मैच होने की संभावना थी लेकिन अब अगली सूचना तक इजऱाइल में सभी मैचों को निलंबितकर दिया गया है।

# वार्नर ने वनडे में सफलता का श्रेय आईपीएल को दिया



बेंगलुरु, ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप मैच में पाकिस्तान पर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपनी इस सफलता का श्रेय आईपीएल को दिया जिसमें उन्होंने अपनी पारी को गति देने के कौशल में महारत हासिल की।

वार्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ 124 गेंद पर 163 रन बनाए। उन्होंने अपने सलामी जोड़ीदार मिशेल मार्श के साथ पहले विकेट के लिए 259 रन की साझेदारी की जिससे ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 62 रन से जीता।

वार्नर ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,मैंने अपने करियर के शुरुआती दिनों में ही यह तय कर लिया था कि 50 ओवर काफी लंबा समय होता है। मैं 35 ओवर क्रीज पर टिके रहने का प्रयास करता हूं और उसके बाद अपनी पारी की गति बदलने की कोशिश करता हूं।

उन्होंने कहा,मुझे लगता है कि टी20 क्रिकेट विशेष कर आईपीएल से मैंने ऐसा करना सीखा है। जब मैं सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलता था तो तब मैंने काफी कुछ सीखा।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपने पहले 50 रन 41 गेंद पर, अगले 50 रन 44 गेंद पर और आखिरी 63 रन केवल 39 गेंद पर बनाए।

वार्नर ने कहा, टेस्ट क्रिकेट खेलते हुए आप अपनी पारी की गति आसानी से बदल सकते हैं। इसलिए पहले 10 ओवर में जब दो नई गेंद होती हैं तब आपको उन्हें सम्मान देना होगा। यहां से आप अपने लिए मंच तैयार करते हैं और अगर आप खुद को समय देते हैं तो बड़ी पारी खेल सकते हैं।पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में लगातार चौथा शतक लगाने के बारे में वार्नर ने कहा,मेरा मानना है कि कभी आप किसी खास टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं। कई बार आप अच्छी गेंद को भी बेहतर तरीके से खेलते हैं। लेकिन आपको खुद पर भरोसा होना चाहिए। मैं वास्तव में आंकड़ों पर ध्यान नहीं देता।

# फिल्मी दुनियां

## स्कूप के लिए करिश्मा तन्ना ने जीता बेस्ट लीड एक्ट्रेस का अवॉर्ड



एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना, जिन्होंने बुसान फिल्म फेस्टिवल 2023 में नेटफ्लिक्स की सीरीज स्कूप में अपने काम के लिए बेस्ट लीड एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता है, ने साझा किया कि फिल्म फेस्टिवल जीतना कितनी बड़ी बात है, लेकिन वह प्रोजेक्ट्स के अनुसार रोल्स चुनने के अपने पैरामीटर्स को बदलती नहीं रहेंगी।

करिश्मा ने बुसान फिल्म फेस्टिवल में स्कूप के लिए बेस्ट सीरीज की ट्रॉफी भी जीती, जो एशिया के सबसे प्रसिद्ध सिनेमाई इवेंट्स में से एक है।

करिश्मा ने अपनी जीत, जश्न और अपने किरदार जागृति पाठक की यात्रा के बारे में बात की।

करिश्मा ने कहा कि वह अवॉर्ड सेरेमनी में सचमुच एक्साइटेड, लेकिन नर्वस भी थीं।

उन्होंने कहा, इसकी शुरुआत सीरीज कैटेगिरी से हुई, और तुरंत मैंने स्कूप शब्द सुना, इसलिए यह मेरे लिए बहुत अच्छी शुरुआत थी। नर्वस थी, क्योंकि कलाकारों के बीच स्टेज पर जाने वाली मैं पहली थी। मैं नेटफ्लिक्स, पूरे शो का प्रतिनिधित्व कर रही थी, हंसल मेहता सर, कलाकार, हर वर्ग के लोग वहां बैठे थे। यह बहुत ही अवास्तविक था.करिश्मा ने कहा, फिल्म फेस्टिवल जीतना बड़ी बात है, इसलिए मुझे खुशी है कि मुझे स्कूप के लिए यह एक्सपीरियंस करने को मिला। स्कूप ने करिश्मा को इंटरनेशनल लेवल पर ख्याति दिलाई है। क्या भविष्य में प्रोजेक्ट चुनने के प्रति उनका परसेप्शन चेंज होगा, इस पर क्योंकि सास भी कभी बहू थी फेम एक्ट्रेस ने जवाब दिया, स्कूप से पहले भी मैं हमेशा से मिनिंगफुल और कॉम्प्लेक्स करेक्टर करना चाहती थी और मुझे नहीं लगता कि यह चेंज होगा, क्योंकि मैं एक एक्टर हूं। इसलिए, मैं प्रोजेक्ट्स के हिसाब से बदलाव नहीं करूंगी।

करिश्मा ने कहा, स्कूप का हिस्सा बनना निश्चित रूप से एक उपलब्धि है। मैं हमेशा कुछ ऐसी चीज की तलाश में रही हूं और इसकी ओर आकर्षित रही हूं जो चुनौतीपूर्ण हो। मैं ऐसा कुछ नहीं कर पाऊंगी, जो मुझे उत्साहित न करे। यही कारण है कि आप मुझे बैक टू बैक ओटीटी या टीवी शो करते हुए कम ही देखते हैं। मुझे कुछ ऐसा चाहिए जो मेरे दिमाग को उत्तेजित करे, जो मुझे सेट पर चुनौती दे। और मैं ऐसा करना जारी रखूंगी। 39 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा, मेरा परसेप्शन इस इंडस्ट्री में एक सुंदर लडक़ी की तरह था। लेकिन अब मैं एक्टिंग टैलेंट से भरपूर सुंदर लडक़ी के रूप में जानी जाती हूं। इसलिए, उस तरह का परसेप्शन वास्तव में अच्छे के लिए बदल गया।

उन्होंने कहा, लोग अब मुझे अलग नजरिए से देखते हैं। मुझे लगता है कि अगर लोगों के पास पांच कलाकारों के नाम होंगे तो वे मुझ पर भी विचार करेंगे, वक्त बदल गया है। मुझे खुशी है कि मुझे अपनी प्रतिभा साबित करने का मौका मिला है। स्कूप जिग्ना वोरा के बायोग्राफिकल बिहाइंड बार्स इन बाइकुला: माई डेज इन प्रिजन पर आधारित है। यह जिग्ना वोरा की वास्तविक जीवन की कहानी है, जिन पर जून 2011 में मिड–डे रिपोर्टर ज्योतिर्मय डे की हत्या में शामिल होने का आरोप था। यह शो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है।

## कलास्टार के लिए फिर साथ आए सोनाक्षी सिन्हा, यो यो हनी सिंह



हाल ही में स्ट्रीमिंग सीरीज दहाड़ में नजर आई अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा 9 साल बाद रैपर यो यो हनी सिंह के साथ फिर से जुड़ गई हैं। दोनों ने रविवार को अपना नया ट्रैक कलास्टार रिलीज किया। यह गाना सोनाक्षी और यो यो हनी सिंह के पिछले म्यूजिक एल्बम देसी कलाकार का विस्तार है, जो 2014 में रिलीज हुआ था। गाने के म्यूजिक वीडियो में यो यो हनी सिंह और सोनाक्षी के बीच शानदार केमिस्ट्री दिखाई गई है।इस सहयोग के बारे में बात करते हुए सोनाक्षी सिन्हा ने साझा किया, 9 साल बाद एक बार फिर यो यो हनी सिंह के साथ जुडऩा बेहद खुशी की बात थी। हनी के साथ काम करना हमेशा मजेदार होता है, और इस गाने में जो जीवंतता है वह स्वैग से भरपूर है।

उन्होंने आगे कहा, सबसे बड़ी बात यह है कि यह देसी कलाकार का विस्तार है जिसे प्रशंसकों द्वारा बहुत पसंद किया गया था। मुझे उम्मीद है कि इस बार भी हमें वैसी ही प्रतिक्रिया मिलेगी, क्योंकि कलास्टार वर्तमान संगीत क्षेत्र में काफी आगे है। कलास्टार जी म्यूजिक कंपनी के यूट्यूब चैनल पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है। इस बीच इस साल की शुरुआत में दहाड़ से ओटीटी डेब्यू करने वाली सोनाक्षी, संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित अपने पीरियड ड्रामा हीरामंडी के लिए तैयारी कर रही हैं।

## अगले साल रिलीज होगी इमरजेंसी, कंगना रनौत ने किया ऐलान



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने घोषणा की है कि उनकी फिल्म इमरजेंसी अगले साल रिलीज होगी। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसकी घोषणा की। कंगना ने लिखा, डियर फ्रेंड्स, मुझे एक जरूरी अनाउंसमेंट करनी है, इमरजेंसी एक कलाकार के रूप में मेरे जीवन की सीख और कमाई है।

इमरजेंसी मेरे लिए सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह एक इंसान के रूप में मेरे मूल्य और चरित्र की परीक्षा है। हमारे टीजर और अन्य यूनिट्स से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने हम सभी को काफी उत्साहित किया है।मेरा दिल ग्रेटिट्यूड से भरा हुआ है और मैं जहां भी जाती हूं लोग मुझसे इमरजेंसी की रिलीज डेट के बारे में पूछते हैं।

उन्होंने कहा, हमने इमरजेंसी रिलीज की तारीख 24 नवंबर 2023 अनाउंस की थी, लेकिन मेरी बैक–टू–बैक रिलीज होने वाली फिल्मों के कैलेंडर में सभी बदलावों और 2024 के लास्ट क्वार्टर के ओवर पैक होने के कारण हमने इमरजेंसी को अगले साल (2024) में शिफ्ट करने का फैसला किया है।

## सलमान के लिए पहली बार टाइगर 3 में सुर लगाएंगे अरिजीत



फिल्म टाइगर 3 का ट्रेलर सामने आने के बाद खासकर सलमान खान के प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है।पिछले दिनों खबर आ रही थी कि जाने–माने गायक अरिजीत सिंह की सलमान से सुलह हो गई है। उन्हें सलमान के घर से बाहर आते देखा गया था।इसके बाद प्रशंसकों ने कयास लगाने शुरू किए कि गायक टाइगर 3 से जुडऩे वाले हैं और अब खुद सलमान ने भी इस पर अपनी मोहर लगा दी है।

सलमान ने अपने एक्स हैंडल पर टाइगर 3 के पहले गाने लेके प्रभु का नाम की पहली झलक प्रशंसकों के साझा की और लिखा, पहले गाने की पहली झलक। ओह हां। ये है अरिजीत सिंह का पहला गाना मेरे लिए, जो 23 अक्टूबर को रिलीज होगा।सलमान के यह पोस्ट करते ही सोशल मीडिया पर एक बार फिर अरिजीत संग उनकी दुश्मनी और दोस्ती की चर्चा होने लगी है।यह पहला मौका होगा, जब अरिजीत, सलमान के लिए गाना गाएंगे।

अरिजीत ने शाहरुख खान से लेकर रणवीर सिंह, शाहिद कपूर और रणबीर कपूर तक कई अभिनेताओं को अपनी आवाज दी है, लेकिन उन्होंने कभी सलमान के लिए गाना नहीं गाया था। हालांकि, उन्हें आवाज देने की इच्छा अरिजीत ने जरूर जाहिर की थी।अरिजीत बोले थे कि वह सलमान के लिए कम से कम एक गाना गाकर ही गायकी से रिटायर होना चाहेंगे। अब आखिरकार उनकी यह ख्वाहिश पूरी हो गई है।

दरअसल, 2014 में एक पुरस्कार समारोह में फिल्म आशिकी 2 के गाने तुम ही हो लिए पुरस्कार लेने जब अरिजीत मंच पर आए तो शो होस्ट कर रहे सलमान ने उनसे कहा, तू है विनर जवाब में अरिजीत ने कहा, आप लोगों ने मुझे सुला दिया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com